नई दिल्ली
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 27, अंक : 363
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22



चैत्र नवरात्र और गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं



adani | Ports and Logistics

## 400 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य पार करने पर हमें गर्व है।

### भारत का एक चौथाई कार्गो हमारे पोर्ट से जाता है।

इस शानदार रिकॉर्ड से APSEZ लिमिटेड, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि पोर्ट और टर्मिनल के साथ इंटीग्रेटेड फर्स्ट-माईल और लास्ट-माईल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन से हासिल हुई है।

**नंबर 1**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट नेटवर्क

**17**
पूरे भारत में 15 पोर्ट और टर्मिनल, श्रीलंका और इज़राइल में 2

**12**
लॉजिस्टिक पार्क



Figures as per FY 2023-24

### आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए बदल लिया हुलिया

# पत्नी की तेजाब फेंककर हत्या का आरोपी महाराष्ट्र से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने पत्नी की तेजाब फेंककर हत्या के आरोपी पति को महाराष्ट्र से अरेस्ट किया है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू (61) ने चरित्र पर शक के कारण गत वर्ष जहांगीरपुरी में इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी धार्मिक स्थलों पर सेवादार बनकर रह रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 29 अप्रैल 2023 को आरोपी ने अपनी पत्नी को मारने के मकसद से तेजाब फेंक दिया था। आरोपी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इस वजह से परिवार के अक्सर कलेश होता था। महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। आईपीसी की धारा 326ए के तहत जहांगीरपुरी थाने में केस दर्ज किया गया, लेकिन महिला की मौत के बाद केस में हत्या की धारा भी जोड़ी गई। इसके बाद आरोपी दिल्ली छोड़कर फरार हो गया। वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नहीं कर रहा था। पुलिस से बचने के लिए उसने अपना हुलिया भी बदल लिया था। इसके साथ ही वह लगातार अपने ठिकाने भी बदलता रहा। एसीपी उमेश की टीम को जितेंद्र के महाराष्ट्र में होने की सूचना मिली थी। एक टीम नासिक के लिये रवाना की गई। आखिर में उसे बारु मामा मंदिर, कोल्हापुर से पकड़ा गया। आरोपी मूलरुप से राजकोट गुजरात का रहने वाला है। पत्नी की हत्या के समय वह बेरोजगार भी था।

**खास बात**

- फरारी के दौरान धार्मिक स्थलों पर सेवादार बनकर रहा



### रील बनाने के चक्कर में किया बाइक स्टंट, पहुंचा हवालात

**नई दिल्ली।** रील बनाने के चक्कर में आज की युवा पीढ़ी नियम कानून तो ताक पर रख ही रही है बल्कि अपनी और दूसरे लोगों की जिंदगी भी खतरे में डालने से नहीं चूक रही। दिल्ली की सड़कों पर स्टंटबाजी के वीडियो हर रोज वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने अब इन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों में कई स्टंटबाज यूट्यूबर तक गिरफ्तार किये जा चुके हैं। ताजा मामले में राजौरी गार्डन पुलिस ने बाइक से स्टंट करने वाले एक और युवक को अरेस्ट किया है। आरोपी कृष्ण गौतम मायापुरी का रहने वाला है। इसकी केटीएम बाइक भी जब्त की गई है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार चार अप्रैल को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक युवक सुभाष नगर इलाके में केटीएम बाइक पर खतरनाक स्टंट करता नजर आया था। वीडियो पर संज्ञान लिया गया और राजौरी गार्डन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान सोशल मीडिया पर अपलोड वीडियो का विश्लेषण किया गया और बाइक का पता लगा 20 वर्षीय युवक को पकड़ा गया। पुलिस अफसर का कहना है ऐसे कृत्य केवल और केवल व्यक्ति के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को प्रदर्शित करते है। दिल्ली पुलिस किसी भी सूरत में सड़कों पर किए जाने वाले इस तरह की स्टंटबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी।

- स्टंटबाजी से अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे में डालने वालों पर कस रहा पुलिस का शिकंजा

# एमसीडी प्राइमरी स्कूलों में अब तक नहीं मिली किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 6 लाख छात्रों में से किसी को भी अब तक किताबें, नोट बुक और लेखन सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है, जबकि यह सत्र 1 अप्रैल 2024 से शुरू हो चुका है। सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने दिल्ली नगर निगम स्कूलों को दौरा कर सोशल मीडिया एक्स पर निगम के शिक्षा विभाग की पोल खोली। उन्होंने यह भी कहा कि शिव विहार स्थित निगम के एक स्कूल का नाम तो एमसीडी प्रतिभा स्कूल है। लेकिन यहां नन्हें नन्हें बच्चे हाथ उठाकर कह रहे हैं कि यहां डेस्क खराब हैं और उन्हें चुभते हैं। एक वीडियो साझा कर उन्होंने स्कूल के बदहाल डेस्क दिखाए है। बता दें कि बता दें कि अशोक अग्रवाल ने कुछ दिनों पहले दिल्ली नगर निगम के कैम्प स्थित टीबी अस्पतालों में मौजूदा सुविधाओं और कमियों की पोल खोली थी और वह स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे अहम मुद्दे उठाते रहते हैं।

वहीं, दिल्ली नगर निगम शिक्षकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि निगम में वर्तमान सरकार और शिक्षा निदेशक अनुभवहीन है जिसके चलते गत वर्ष भी बच्चों को समय रहते उनके अधिकारों से वंचित रखा गया हैं और इन दिनों भी ऐसा ही हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई शुरू हो चुकी है और छात्रों को किताबें, लेखन सामग्री आदि अभी तक नहीं मिल पाई हैं। वहीं, इस संबंध में निगम के शिक्षा विभाग का कहना है कि स्कूलों में यह सब नियमानुसार किया जा रहा है।



- हाथ उठाकर बोले बच्चे, यहां उन्हें चुभते हैं डेस्क

#### लैब तक को बना दिया क्लासरूम

अशोक अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में निरीक्षण के दौरान दिल्ली सरकार के स्कूलों में भी शिक्षा के दयनीय हालात नजर आए। उन्होंने बताया कि ईस्ट गोकुल पुर में आप सरकार की बनाई सरकारी स्कूल की बिल्डिंग 7 साल में खतरनाक घोषित हो गई। 15 कमरे बच्चों से छीन गए। अब एक एक कक्षा में 70-80 बच्चों को बैठना पड़ता है। लैब तक को क्लासरूम बना दिया। दिल्ली सरकार के दयालपुर स्कूल की छात्रायें ठीक डेस्क की मांग करती दिखी। 1800 छात्राओं का स्कूल, पूरे स्कूल के डेस्क टूटे मिले, 1800 छात्र दोपहर की शिफ्ट में भी पढ़ते हैं। दिल्ली सरकार का इन बच्चों की शिक्षा में रुचि नहीं दिखती। वहीं, सोनिया विहार के एक सरकारी स्कूल में 55 बच्चों की कक्षा में 67 से अधिक बच्चे हैं। साथ ही जोहरीपुर में कक्षा आठ में भी ऐसे ही हालात बताए गए हैं।

### एटीएम में कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



- विभिन्न बैंकों के 35 एटीएम कार्ड बरामद

**नई दिल्ली।** अमन विहार पुलिस ने एटीएम में कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो लोगों को अरेस्ट किया है। इनके पास से विभिन्न बैंकों के 35 एटीएम कार्ड बरामद हुये हैं। इनके पास से एक पीओएस/मनी ट्रांसफर मशीन और साढ़े चार हजार रुपये भी बरामद हुये हैं। पकड़े गये दोनों लोगों के नाम रवि और बंटी है। इनके निशाने पर खासतौर पर बुजुर्ग लोग होते थे। इस संबंध में पुलिस ने 15 मार्च को अमन विहार थाने में केस दर्ज किया था। महिला शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक है। वह सेक्टर-20 रोहिणी में रहती है। आरोप लगाया था कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपये निकालने में मदद करने के बहाने उसके एटीएम कार्ड को बदल दिया। बाद में उन्होंने धोखे से 18 हजार रुपये निकाल लिये। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया। इनपुट और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को सुल्तानपुरी से पकड़ लिया। दोनों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को नकदी निकालने में मदद करने के बहाने निशाना बनाते थे। बिना गार्ड वाले एटीएम बूथों इनके टारगेट पर होते थे। मदद के दौरान ही उनके एटीएम कार्ड का बदल देते थे।

# फर्जी वीजा रैकेट में शामिल एजेंट नौ साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने पंजाब से एक जालसाज एजेंट को गिरफ्तार किया है। इस पर एक यात्री की बैंकॉक के रास्ते संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के लिए नकली हैती वीजा की व्यवस्था करने का आरोप है। नौ साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद पुलिस इस तक पहुंचने में कामयाब रही। इसे 2015 में भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था।

डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार आईजीआई हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने एक फरार जालसाज एजेंट लजार उर्फ बंटी निवासी जालंधर पंजाब को गिरफ्तार किया है। वह एक सिंडिकेट में शामिल था जो लोगों को जाली/फर्जी वीजा पर विदेश भेजने के बहाने लुभाता था। दरअसल 2 फरवरी 2014 की मध्यरात्रि में एक भारतीय यात्री जिसका नाम हरदीप सिंह निवासी ग्राम-नंगल लुभान, कपूरथला, पंजाब को आईजीआई हवाई अड्डे पर पकड़ा था। वह बैंकॉक के लिए फ्लाइट पकड़ने वाला था। उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच हुई तो पासपोर्ट में लगा हैती वीजा नकली पाया गया। 30 जून 2014 का इस संबंध में केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान हरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह आजीविका के लिए विदेश जाना चाहता था। इसलिए वह एजेंट बंटी के संपर्क में आया। उसने उसे आश्वासन दिया कि वह बैंकॉक के रास्ते यूएई और डंकी के जरिये अन्य देशों से होते हुए उसकी यात्रा की व्यवस्था करेगा। इसके लिये 18 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। बंटी को दो लाख रुपये नकद दिए गये थे। बाकी रकम गंतव्य पर पहुंचने के बाद देना तय हुआ था। एजेंट बंटी को 31 अगस्त 2015 को मामले केस में भगौड़ा घोषित किया गया था। इसे गांव फोरीवाल, पंजाब से पकड़ा गया।



# आईपी यूनिवर्सिटी ने आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी ने अपने सभी प्रोग्राम ( यूजी, पीजी और पीएचडी) में आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल थी। अब यूनिवर्सिटी के सभी प्रोग्राम- नेशनल लेवेल टेस्ट आधारित, यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा आधारित एवं मेरिट आधारित के लिए 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बारहवीं की परीक्षाएं अब समाप्त हो गई है। अब छात्र इत्मिनान से अपनी पसंद के पाठ्यक्रम में दाखिलें के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके मद्देनज़र यूनिवर्सिटी ने आवेदन की अंतिम तिथि कुछ दिनों के लिए बढ़ाई है। यूनिवर्सिटी बहुत सारे यूजी और पीजी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर को भी स्वीकार कर रही है, हालाँकि, प्रथम प्राथमिकता यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (सीईटी) को ही दी जाएगी। इसके मद्देनज़र यूनिवर्सिटी की सीयूईटी आवेदकों को सलाह है कि वे विभिन्न यूजी एवं पीजी प्रोग्राम के लिए आयोजित होने वाले सीईटी में भी आवेदन करें। इससे उनके दाखिले की संभावना बढ़ जाएगी। इसके अलावा उनके पास वैसे दूसरे प्रोग्राम में दाखिले का अवसर भी होगा जिनमें सीयूईटी स्कोर के ज़रिए दाखिले नहीं होते। सभी प्रोग्राम में दाखिलें के लिए https://ipu.admissions.nic.in पर 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र में त्रुटि संशोधन के लिए ऑनलाइन विंडो आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद खोला जाएगा।

# विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कमर कसे युवा : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने मनाया अपना 57 वां वार्षिकोत्सव

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की युवा शक्ति को अपनी कमर कस लेनी चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के 57 वें वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद श्रीवास्तव ने सोमवार को यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाएं और युवा वर्ग ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में सबसे अहम भूमिका अदा करने जा रहे हैं। समारोह में बोलते हुए डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर बलराम पाणी ने हा कि स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के खेल में तो यह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय का ही नहीं, समूचे देश में नंबर वन कॉलेज बन चुका है। उन्हें इस बात की बहुत खुशी है कि स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के अनेक छात्र आईपीएल एवं विभिन्न राज्यों की रणजी टीम में प्रमुख स्थान हासिल कर चुके हैं।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से अत्याधिक प्रभावित प्रोफेसर पाणी ने कहा कि राजस्थानी, मणिपुरी नृत्य एवं राष्ट्रभक्ति के गीत गाकर छात्रों ने अपने हुनर का बेहतरीन नमूना पेश किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर प्रवीण गर्ग ने कहा कि कॉलेज के नए अत्याधुनिक भवन का निर्माण कार्य बहुत शीघ्र ही शुरू होने जा रहा है। समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। वहीं, कॉलेज में डॉ. एवं एएनओ लेफ्टिनेंट मुकेश राणा के नेतृत्व में एनसीसी विंग की तरफ से देशभक्ति का जज्बा कार्यक्रम पेश किया गया। बता दें कि स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय श्रद्धा तरंग कार्यक्रम का आज पहला दिन था।

# एयरपोर्ट पर न्यूक्लियर बम बोलने पर दो बिजनेसमैन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एयरपोर्ट पर न्यूक्लियर बम की बात से अफरातफरी मच गई। पुलिस ने सनसनी फैलने के बाद गुजरात के दो बिजनेसमैन को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया है। पुलिस का कहना है कि सिक्योरिटी जांच के दौरान गुस्से में आए हवाई यात्री ने कहा कि वह अपने साथ न्यूक्लियर बम लेकर जा रहा है।

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि गुजरात के राजकोट के रहने वाले कश्यप कुमार लालानी और जिग्नेश मालानी कांट्रेक्टर हैं। वह बिजनेस के सिलसिले में द्वारका आए थे। एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी जांच के दौरान उन्होंने यह बात कही थी। पुलिस ने पांच अप्रैल को आईपीसी की धारा 182/ 505 (1)(बी) के तहत मामला दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया। अकाशा एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर राहुल शर्मा ने इस संबंध में आईजीआईए पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जब सिक्योरिटी जांच की जा रही थी तभी यात्री जिग्नेश मलान और कश्यप कुमार ललानी ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि क्या यह जरूरी है? सुरक्षाकर्मियों ने इसे सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के लिए आवश्यक बताया। इसके बाद दोनों यात्री गुस्सा हो गए। उनमें से एक ने कहा कि वे न्यूक्लियर बम लेकर जा रहे हैं। इसके बाद सुरक्षाकर्मी सकते में आ गए और सभी यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय लिया गया।




## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** गुलाब, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 35 साल, **कदः** 5'7'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **बरामदी स्थलः** जो दिल्ली के सदर बाजार के पास बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे किसी नामालूम व्यक्ति द्वारा दिल्ली के लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शव को पहचान के लिए दिल्ली के लेडी हार्डिंग अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 54A व 80A दिनांक 02.04.2024, पुलिस स्टेशनः सदर बाजार, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशनः सदर बाजार, दिल्ली**
**फोनः 9212890595**

**DP/4006/N/2024**


### खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

# फ्लाईओवर खुले तो मिले राहत, डीएम से की मुलाकात

दया राम ⏭ नई दिल्ली

सिंघू-कुंडली बॉर्डर यातायात जाम के कारण दो रूट बंद होने की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद डिम्ट्स, आर्ट्स बस कंपनी प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने सोमवार को दिल्ली सरकार के उत्तरी जिला के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) यश चौधरी से फ्लाईओवर खोलने के लिए उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनसे फ्लाईओवर खुलवाने का निवेदन किया। इस दौरान डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया के तहत नियमानुसार इसे खुलवाया जाएगा। बस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को सिंघू-कुंडली बॉर्डर का निरीक्षण किया और पाया कि यदि सिंघू-कुंडली बॉर्डर के दोनों तरफ के फ्लाईओवर खुल जाएंगे तो नीचे के दोनों मार्गों पर जाम नहीं लगेगा क्योंकि फिर यहां फ्लाईओवर से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा और बसों के संचालन में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अन्य बॉर्डर खुल चुके हैं लेकिन यहां फ्लाईओवर नहीं खुल पाया है जिसके चलते नीचे दोनों तरफ लंबा जाम लग रहा है और बसों के संचालन में बाधा बन रहा है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बसों के रूट बंद होने से बड़ी संख्या में यात्री भी परेशान हैं।



#### फ्लाईओवर क्यों नहीं खोल रहा है प्रशासन

सिंघू-कुंडली बॉर्डर के आसपास के निवासी भी इस बॉर्डर के फ्लाईओवर नहीं खुलने से परेशान हैं क्योंकि यहां आसपास के सिंघू, सेरसा, कंडली, नरेला, सफियाबाद गांव से होकर बड़ी संख्या में वाहन गुजर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि जब नीचे के मार्ग खोल दिए गए हैं और यहां पुलिस प्रशासन के टेंट, सीसीटीवी कैमर आदि उखाड़ दिए गए हैं तो फ्लाइओवर खोलने में प्रशासन क्यों देरी लगा रहा है। यह आसपास के लोगों की समझ में भी नहीं आ रहा है।

### लाल बत्ती लगी कार के विपरीत दिशा में चलने का वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो की जांच कर रहे हैं जिसमें लाल और नीली बत्ती लगी एक कार फ्लाईओवर पर विपरीत दिशा में चलती दिख रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह वीडियो राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड किया गया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की पहचान करने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम तथ्यों की जांच कर रहे हैं और इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि वाहनों पर लाल बत्ती लगाने की अनुमति केवल आपातकालीन वाहनों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **विशाल सक्सैना**, पुत्र उमेश चन्द्र, निवासी फ्लैट नं. 247, तीसरी मंजिल, फेज 1, नेताजी सुभाष अपार्टमेंट, सेक्टर 13, द्वारका, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 200/2019, धारा 323/342/506 आईपीसी, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल सक्सैना**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **विशाल सक्सैना**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **विशाल सक्सैना**, केस **एफआईआर संख्या 200/2019, धारा 323/342/506 आईपीसी, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**नीतिका कपूर,**
महानगर दण्डाधिकारी – 06,
कमरा संख्या 514,
द्वारका जिला न्यायालय, दिल्ली

**DP/4124/DW/2024**
**(Court Matter)**

नई दिल्ली
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 27, अंक : 363
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00
मौसम
अधि. 33
न्यून. 22
haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चैत्र नवरात्र और गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं



DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## छत्तीसगढ़ के बस्तर में दहाड़े पीएम नरेंद्र मोदी

# हमने कांग्रेस की लूट वाली दुकानें बंद करवा दीं... लाइसेंस भी रद्द कर दिए

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानपुरी के छोटे आमाबाल में सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए।



**पीएम ने कहा- भ्रष्टाचारी समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा**

एजेंसी ▶▶ रायपुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आमाबाल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के कई घपले घोटालों का जिक्र करते हुए तंज कसा और कहा कि अब कांग्रेस की लूट की दुकान बंद हो गई और लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए।

**ये मोदी की गारंटी है**

दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पहले दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था**



### बिचौलियों की कमाई बंद हुई

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल के शासन में हमने 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजा जिससे 85 पैसे का जो खेल चल रहा था उसके हिसाब से 28 लाख करोड़ रूपए लुटने से बच गया। बिचौलियों की कमाई बंद होने से उनका गुस्सा सातवें आसमान में पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। युवाओं को धोखा देने वालों के खिलाफ तेजी से जांच चल रही है। लाठी से सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। गरीब का बेटा मोदी सिर झुकाकर नहीं सिर ऊंचा रखकर चलता है। उनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। उन्होंने जनता से सवाल किया जिन्होंने गरीबों को लूटा उनको सजा मिलनी चाहिए की नहीं? कोई घर में घुसकर लुटपाट करे तो हर सदस्य उससे भीड़ जाता है। पूरा भारत मेरा परिवार है, देश को लुटपाट से बचाने जुटा हुआ हूं। मोदी की गारंटी है भ्रष्टाचार करने वाला और धमकी देने वाले को जेल जाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा रामनवमी दूर नहीं है अयोध्या में रामलला टेंट में नहीं इस साल भव्य मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद देशवासियों का सपना पूरा हुआ है अयोध्या में राम मंदिर बनने से भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में खुशी होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरूआत बस्तर से

प्रधानमंत्री ने बीजापुर जिले के जांगला में शुरू की गई आयुष्मान योजना का जिक्र करते कहा कि आज इस योजना का लाभ पूरे देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था हमने की। छत्तीसगढ़ में भी हजारों केंद्र खोले गए, इलाज की बड़ी सुविधा गरीबों को मिली। करोड़ों गरीबों का मुफ्त इलाज होने से 1 लाख 30 हजार करोड़ रूपये खर्च होने से बच गया। उन्होंने कहा 11 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले गए जिसमें 80 प्रतिशत दवा में छुट मिलती है इसमें भी 30 हजार करोड़ रूपये बच गए बचत बढ़ने से गरीबों को फायदा हुआ। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा वैक्सीन के साथ मुफ्त राशन हमने घर-घर पहुंचाई।

## सिवनी के धनौरा और शहडोल में राहुल ने कहा

# गरीब महिलाओं और युवाओं को 1 लाख रुपए सालाना देंगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल



सिवनी के धनौरा और शहडोल में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां आदिवासी वर्ग के काफी लोग आए हैं, कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है और भाजपा आपको वनवासी कहती है। वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। जो आपका इतिहास ▶▶ शेष पेज 5 पर

- एक साल के अंदर आदिवासियों को अधिकार मिलेगा

### राहुल के हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म, शहडोल में बिताई रात

राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर शहडोल में फ्यूल कम होने की वजह से उड़ान नहीं भर सका। समस्या को दूर करने के लिए जबलपुर से फ्यूल मंगाया गया है। तब तक राहुल को शहडोल के ही सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर राहुल रात शहडोल में ही बिताएंगे।

**राहुल के मंच पर लगे पोस्टर में भाजपा उम्मीदवार का चेहरा!**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। मंडला राहुल गांधी के मंच पर लगे पोस्टर में भाजपा उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते का फोटो चिपक गया। इस गलती का पता भी ऐनवक्त पर लगा।

## शोपियां में आतंकियों ने गैर कश्मीरी को गोली मारी

# दिल्ली का रहने वाला है ड्राइवर परमजीत, अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पदपावन में सोमवार (8 अप्रैल) शाम आतंकियों ने गैर स्थानीय ड्राइवर को गोली मार दी। घायल ड्राइवर को अस्पताल में एडमिट कराया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ड्राइवर की पहचान दिल्ली निवासी परमजीत सिंह के रूप में हुई है। आतंकियों ने परमजीत पर उस वक्त हमला किया, जब वह अपने काम पर था। घटना को अंजाम देने के बाद आतंकी मौके से भाग निकले। सुरक्षाबलों ▶▶ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### सोना पहली बार 71 हजार रुपए के पार निकला

**नई दिल्ली।** भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं। सोना अभी तक सबसे महंगे है।



### हाफिज सईद को 'अज्ञात' ने खिलाया जहर!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी हाफिज सईद को जहर दिए जाने की बात सामने आ रही है। उसे अज्ञात लोगों ने खाने में जहर दे दिया। खाने के कुछ देर बाद उसे खून की उल्टी हुई। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। हालांकि अभी तक इस खबर की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार आतंकी आतंकी हाफिज सईद को खतरनाक फूड पॉइजनिंग की शिकायत थी।



### 30.92 करोड़ के नकली नोट सहित पांच गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने 30.92 करोड़ रुपए मूल्य के नकली नोट जब्त कर इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था। और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कोष के तहत 40 लाख रुपए देने पर एक करोड़ रुपए दिलाने का वादा करता था।



## कोस्ट गार्ड में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने महिला अफसर की फिर से सर्विस की 'बहाल'

**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल किया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा। पहले महिलाएं फाइटर पायलट नहीं बन सकती थीं। अगर महिलाएं ऑपरेशन थिएटर या सुप्रीम कोर्ट बार में जा सकती हैं तो वो गहरे समंदर में जा सकती हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चेताया था कि या तो स्थायी कमीशन दीजिए वरना कोर्ट ये आदेश देगा।



## लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई

# 5.60 करोड़ नकद, 3 किलो सोना सहित 103 किलो आभूषण जब्त

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव में व्यापक पैमाने पर नकदी रुपए खर्च होने की संभावना जतायी जा रही है. जिसे रोकने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गनीनाडु बेल्लारी की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच करोड़ साठ लाख नकद, तीन किलो सोना, 103 किलो आभूषण और 21 पीस चांदी की सिल्लियां जब्त की हैं। जानकारी के अनुसार जब्त किए गए सोने और चांदी की कीमत कुल 7 करोड़ 6 लाख रुपए हैं। यह ऑपरेशन बेल्लारी की ब्रूस टाउन पुलिस ने किया है इसमें मुख्य रूप से हवाला का पैसा शामिल है। बेल्लारी के एसपी रंजीत कुमार बंडारू के मुताबिक, यह पैसा नरेश सोनी का है हमें हवाला लेनदेन का संदेह है। ये पैसे कांबली बाजार में हेमा ज्वैलर्स के मालिक नरेश के घर से मिले और आरोपी नरेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने केपी एक्ट की धारा 98 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आईटी विभाग को जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर



## 1.7 प्रतिशत बच्चे अलग कैटेगरी के होते हैं

# बच्चों के इंटरसेक्स ऑपरेशन पर कानून बनाने की मांग सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार, केंद्र से मांग लिया जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जन्म के समय शिशुओं के इंटरसेक्स सर्जरी का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आया है। इस तरह के ऑपरेशन पर रोक लगाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के तैयार हो गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों की इंटरसेक्स सर्जरी उनके लिए न सिर्फ पीड़ादायक बल्कि सुनहरे भविष्य के लिए भी काफी खतरनाक है। बता दें कि जिन लोगों में पुरूष और महिला दोनों के जननांग होते हैं उन्हें इंटरसेक्स कहा जाता है। देश में इंटरसेक्स सर्जरी के कई मामले सामने आ रहे हैं। मां-बाप अपने बच्चों को पुरुष या महिला ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2019 में मद्रास हाई कोर्ट ने लगाई थी रोक



2019 में, मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तमिलनाडु सरकार ने उन शिशुओं पर सेक्स असाइनमेंट सर्जरी पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनका लिंग जन्म के समय स्पष्ट नहीं होता। हाई कोर्ट ने पहले कहा था कि जीवन-घातक स्थितियों को छोड़कर ऐसी सर्जरी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### इंटरसेक्स सर्जरी के साइड इफेक्ट

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, लगभग 1.7 प्रतिशत बच्चे ऐसी यौन विशेषताओं के साथ पैदा होते हैं जो पुरुष और महिला की कैटेगरी में नहीं आते। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इंटरसेक्स बच्चों के लिंग और रूप-रंग को ठीक करने के लिए बार-बार की जाने वाली सर्जरी हैं। इसके बहुत साइड-इफेक्ट हैं, जिसमें स्थायी बांझपन, आजीवन दर्द, यौन संवेदना न होना और मानसिक पीड़ा तक शामिल है।

30वें संन्यास दिवस एवं पतंजलि गुरुकुलम् के नवीन परिसर के लोकार्पण के पावन अवसर पर धार्मिक व्यासपीठ से प्रथम बार

हिंदुसाम्राज्यदिनोत्सव
श्री शिवराज्याभिषेक के 350 वर्षपूर्ति निमित्त





परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी व पूजनीय आचार्य बालकृष्ण जी के पावन सान्निध्य में



पूज्य स्वामी श्रीगोविन्ददेव गिरिजी के श्रीमुख से
छत्रपति शिवाजी महाराज कथा

दिनांक- 09 अप्रैल (समय- सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक)
10 से 17 अप्रैल 2024 (समय- दोपहर 4:00 से सायं 7:00 बजे तक)

स्थान- योग भवन, पतंजलि योगपीठ (हरिद्वार)

हिन्दू धर्म व सनातन धर्म के शाश्वत, शौर्य व वीरतापूर्ण संस्कारों की प्रतिष्ठा प्रत्येक भारतीय में करने हेतु आस्था चैनल पर परिवार के साथ इस कार्यक्रम को लाइव देखें

सनातन धर्म व भारत माता के लिए पतंजलि की निःस्वार्थ सेवाएं-

- दुनिया के लगभग 200 देशों के 200 करोड़ से अधिक लोगों को योग से जोड़कर ऋषि संस्कृति व भारत माता का गौरव बढ़ाया।
- करोड़ों लोगों को रोगमुक्त कर के उनकी लाखों करोड़ की बचत करवा कर उनके जीवन को सही दिशा देने का कार्य किया।
- योग, आयुर्वेद व स्वदेशी की तीन बड़ी वैश्विक क्रान्तियों के साथ-साथ भारत माता को शिक्षा, चिकित्सा, वैचारिक व आर्थिक गुलामी से बाहर निकालने हेतु अखण्ड, प्रचण्ड पुरुषार्थ कर रहे हैं।
- मॉडर्न एजुकेशन व सनातन धर्म और भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ विश्व का श्रेष्ठतम पतंजलि गुरुकुलम् चल रहा है।
- विश्व का श्रेष्ठतम इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेन्टर पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् बनाया।
- पतंजलि रिसर्च सेन्टर द्वारा 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश करवा कर आयुर्वेद को एविडेंस बेस्ड मेडिसिन के रूप में स्थापित किया।
- पतंजलि द्वारा निष्पादित निःस्वार्थ सेवाओं में अभी तक हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। सनातन भारत विरोधी ताकतों के घोर विरोध के बावजूद पतंजलि का सर्वस्व अर्थ से परमार्थ के लिए समर्पित है।

# फरीदाबाद में मतदान के संकल्प के लिए एक साथ उठे साढ़े आठ लाख हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर आठ लाख से ज्यादा लोग एक साथ अपने-अपने प्रतिष्ठानों, स्कूलों, कॉलेजों, उद्योगों, कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों और जहां भी जगह मिली इकट्ठा होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।

लोकतंत्र के महापर्व से पहले फरीदाबाद एक अनूठी पहल की साक्षी बनी। मौका था 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए शत प्रतिशत मतदान के संकल्प का। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा की गई इस पहल में आठ लाख से ज्यादा लोग जुड़े। सभी ने एक साथ प्रातः 11 बजे अपने-अपने प्रतिष्ठानों, स्कूलों, कॉलेजों, उद्योगों, कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों और जहां भी जगह मिली वहीं पर इकट्ठा होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। 18 वर्ष से ऊपर से नागरिकों ने जहां मतदान का संकल्प लिया तो स्कूली बच्चों ने अपने परिजनों व आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रतिबद्धता दोहराई।

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जिला में सबसे ज्यादा औद्योगिक श्रमिक व कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अभियान में पांच लाख औद्योगिक श्रमिकों ने एक साथ इकट्ठा होकर 25 मई को मतदान करने की शपथ ली। इसके बाद जिला के तीन लाख से ज्यादा सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चे इस अभियान में शामिल हुए।

देश की अनूठी पहल की साक्षी बनी फरीदाबाद

शत-प्रतिशत मतदान की ली गई शपथ



### बच्चों ने लिया प्रेरित करने का संकल्प

इनमें एक लाख से ज्यादा सरकारी स्कूलों के व डेढ़ लाख निजी स्कूलों के बच्चे शामिल थे। वहीं 33 हजार आटो चालक इस अभियान से जुड़े और सभी ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। 19 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, विभिन्न विभागों व पुलिस विभाग के 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी, 1200 आंगनवाड़ी वर्कर और 1200 आशा वर्कर व एएनएम इस अभियान में शामिल हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में प्रात 11 बजे चला यह अभियान वास्तव में अनूठा रहा और प्रत्येक व्यक्ति ने इस अभियान से जुड़कर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### डीपीजी में दोस्त एलुमनी मीट का आयोजन

**गुरुग्राम।** डीपीजी डिग्री कॉलेज में 'दोस्त 3.0' एलुमनी मीट' का आयोजन किया गया। डीपीजी डिग्री



कॉलेज हर साल 'एलुमनाई मीट दोस्त' का आयोजन करता है। इसी क्रम में इस बार भी यह आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत उपस्थित रहें।

### शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती की धर्मसभा

**गुरुग्राम।** श्री गोवर्धनमठ पीठाधीश्वर पुरी जगद्गुरू शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती



महाराज की आगामी 25 अप्रैल को गुरुग्राम में धर्मसभा होगी। जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक की गई। धर्म सभा के लिए बनाई गई समिति में रजत मिश्रा, रणजीत आनंद, शिव मित्तल, अमित गोयल, राजीव मित्तल तथा संदीप गर्ग को शामिल किया गया है।

### रास्ते में रोककर दुकानदार पर चाकू से हमला

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला एरिया में तीन युवकों द्वारा दुकानदार को रास्ते में रोककर उस पर चाकू से



हमला करने का मामला सामने आया है। शोर-शराबा होने पर लोगों के आने पर युवक उसे अधमरा कर फरार हो गए। दुकानदार को उपचार के लिए सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

### महिला के अकाउंट से 63 हजार निकाले

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना सेक्टर-43 एरिया में युवती ने धोखाधड़ी कर महिला के अकाउंट



से 62 हजार 900 रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। महिला का फोन गिर गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। प्रज्ञा ने कहा कि उसका फोन कहीं खो गया। जब अकाउंट की जांच की तो 50 हजार व 12 हजार 900 रुपए की ट्रांजेक्शन हुआ है।

### वाहन की चपेट में आने से कंपनी कर्मी की मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला एरिया में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से कंपनी कर्मी की मौत हो गई।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया और वाहन चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के अंबेडकर नगर निवासी दीपक ने कहा उसके चाचा हरिशंकर शर्मा कंपनी में इंस्पेक्टर के पद पर काम करते थे।

## एनआईटी क्षेत्र में लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

# मोदी सरकार में दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एनआईटी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश फागना द्वारा डबुआ अनाज मंडी में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भारी संख्या में लोगों ने एक स्वर में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

**मोदी के स्वागत के लिए खड़ा रहता है अमेरिका**

**भाजपा के विधायक न होने के बावजूद बिना भेदभाव विकास कार्य युद्धस्तर पर करवाए**

केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एनआईटी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश फागना द्वारा डबुआ अनाज मंडी में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भारी संख्या में लोगों ने एक स्वर में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे नतमस्तक है, आज रूस कहता है कि भारत पर किसी का दबाव नहीं है। चीन अपना माथा पीटता रहता है लेकिन भारत को रोक नहीं पाता है। वही अमेरिका मोदी के स्वागत के लिए खड़ा रहता है जिसने कभी कांग्रेसी शासन में उन्हें वीजा तक देने से इनकार कर दिया था। आज ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व मोदी को बॉस बता रहा है तो अफ्रीकन देशों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के पैर छू रहे हैं।

गुर्जर ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और मोदी के राज में हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गए हैं जिसे तीसरे स्थान पर लाने के लिए मोदी का शासन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकसभा चुनाव में माहौल मोदी के पक्ष में है। देश का मतदाता एनडीए को 400 पार सीटें देने के लिए तैयार बैठा है और चार जून को केंद्र में फिर बड़े बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने वाला निर्णय मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिना भेदभाव प्रदेश की सभी विधानसभाओं में समान विकास कार्य करवाए हैं, एनआईटी क्षेत्र इसका उदाहरण है, जहां भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां सड़कें, सीवरेज, पीने के पानी सहित अन्य प्रकार के विकास कार्य युद्धस्तर पर करवाए गए हैं, जिससे विपक्ष के पास सरकार को घेरने का कोई मुद्दा नहीं है।



### गुर्जर की जीत की हैट्रिक का दावा

कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता सतीश फागना ने समारोह में एनआईटी क्षेत्र के कोने-कोने से आए लोगों का आभार जताते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकारों ने देश-प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए है, गांव हो या शहर, विकास का पहिया हर तरफ घूमा है और इसी विकास की बदौलत देश में तीसरी बार रिकार्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा प्रत्याशी चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जीत की हैट्रिक लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता यशबीर डागर, धर्मबीर भड़ाना, भगवान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक सोच का ही परिणाम है कि आज देश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जो देश पिछली सरकारों में विकास के मामले में पिछड़ गया था।

## नोएडा में चार लोग गिरफ्तार

# गाजियाबाद में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**पत्नी के नाम पर लियो पराड़ इंडिया इंडस्ट्रीज प्रा.लि. नाम से चलाता है कंपनी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियार बेचकर मोटा मुनाफा कमाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। हथियारों को गाजियाबाद में लाखों रुपए की मशीनों द्वारा बनाया जा रहा था। पुलिस ने नोएडा में बिना नंबर की एक ब्रेजा गाड़ी को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध हथियार और उन्हें बनाने का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस अवैध फैक्ट्री का मास्टरमाइंड शाह फहद पुत्र नसीम अहमद है। इस गिरोह के अन्य सदस्य बादल, शिवमपाल और सादिक हैं। डीसीपी नोएडा सेंट्रल निधि सिंह ने बताया कि शाह फहद उर्फ शानू ने गाजियाबाद से मैकेनिकल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा किया है और अपनी पत्नी के नाम पर लियो पराड़ इंडिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाता है।

### लगा रखी है लाखों की बड़ी-बड़ी मशीनें

एक तमंचा लगभग 10 हजार रुपए में बिकता है और एक पिस्टल 80 हजार रुपए में बिकती है। अभियुक्त व उसके साथियों से जो अवैध शस्त्र बरामद हुए हैं, वह उनकी कंपनी के बने हैं। इन बदमाशों ने कलपुर्जों को तैयार करने के लिए लाखों रुपए की बड़ी-बड़ी मशीनें अपनी कंपनी मोरटा गाजियाबाद में लगा रखी हैं। डीसीपी सेंट्रल सुनीति सिंह ने बताया कि एक ब्रेजा कार भी बरामद हुई है। उपकरण व हथियार इसी गाड़ी से ले जाए जा रहे थे। इनके पास से एक पिस्टल 8, देसी तमंचे, भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण मिले हैं। पूछताछ से पता चला है कि चुनावों के कारण मॉडल कोड आफ कंडक्ट लगने के बाद पुलिस की सख्ती बढ़ गई थी।

## लाखों का नुकसान

# कूड़े के ढेर में लगी आग से कार व दो दुकान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शहर में अलग-अलग जगह कूड़े के ढेर में लगी आग से जहां एक दुकान जलकर खाक हो गई वहीं दो दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया। लेकिन आग में लाखों का नुकसान हो गया। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है।

दमकल विभाग ने बताया कि जवाहर नामक व्यक्ति अपने बच्चों को लेकर सेक्टर-5 में सीजीएचएस डिस्पेंसरी में आए थे। गाड़ी को



डिस्पेंसरी के बाहर खड़ा कर बच्चों को दवा दिलाने ले गए। जब वापस आए तो पाया कि उनकी गाड़ी जल रही है। सूचना दमकल को दी गई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पास ही कूड़े का ढेर लगा हुआ था ।

## समाजसेवी नरेंद्र जैन

# मीडिया प्रभारी से बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रमुख समाजसेवी नरेन्द्र जैन को भाजपा द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर नरेन्द्र जैन ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री पं.मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजीव जैन, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का आभार व्यक्त किया और बताया कि



इससे पहले वह फरीदाबाद विधानसभा मीडिया प्रभारी का दायित्व निभा रहे थे। उनकी नियुक्ति पर जैन समाज की ओर से दिगंबर जैन सभा अध्यक्ष मनीष जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, रतिराम जैन, पारस जैन, विकास जैन आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अनुबंध खत्म होने के बावजदू विज्ञापन प्रदर्शित

# फर्म के 4 संचालकों के खिलाफ़ ननि ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने छह साल का अनुबंध खत्म होने के बाद भी एक फर्म विज्ञापन का काम कर रही फर्म के चार संचालकों के खिलाफ़ धोखधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ननि के विज्ञापन प्रभारी पल्लवी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शिव शक्ति ड्रीम होम प्रालि.को नगर निगम से वर्ष 2017 में विज्ञापन करने का अनुबंध किया था। जिसमें इस कंपनी को ट्रैफिक सिग्नल के रखरखाव के साथ अपने विज्ञापन प्रदर्शित करने का समझौता था। उन्होंने तहरीर में कहा है कि 23 में 2023 को शिव शक्ति ड्रीम हाउस प्रालि. से ननि




का अनुबंध खत्म हो गया इसके बावजूद भी ट्रैफिक सिग्नल्स का फर्म द्वारा ट्रैफिक सिग्नल पर विज्ञापन का प्रदर्शन जारी है। इसके साथ ट्रैफिक सिस्टम का हस्तांतरण नहीं किया गया । इसके चलते नगर निगम में परम को 24 घंटे का पूरे सिग्नल्स को निगम को सौंप जाने का नोटिस दिया था लेकिन कंपनी ने अभी तक इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में कंपनी के संचालक हरीश शर्मा, गुंजन शर्मा,कपिल मोहन गुप्ता व तरुण शर्मा के खिलाफ आईपीएस की धारा 341, 420, 338, 186,सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक एयू स्माल फाइनेंस, दूसरा बिरला सनलाइफ इन्श्योरेंस कं. का कर्मचारी था

# साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाले 2 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर पुलिस की टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से एक एयू स्माल फाइनेंस बैंक का कर्मचारी है, जबकि दूसरा आरोपी बिरला सनलाइफ इन्श्योरेंस कंपनी में काम करता था। दोनों आरोपी जयपुर के रहने वाले हैं, जिनमें से एक आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरे आरोपी को जयपुर राजस्थान से अरेस्ट किया गया है। साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया कराने कराने पर पुलिस अभी तक दस बैंक कर्मचारियों को अरेस्ट कर चुकी है।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के दिशा-निर्देश पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान जैलदार बरार व नितेश के रूप में हुई। आरोपी जैलदार बरार को को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था, जबकि नितेश को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया।

वर्क फ्रॉम होम कर पैसा कमाने का दिया था लालच



### रेनो कार हायर का दिया था विज्ञापन

25 जनवरी को एक व्यक्ति ने साइबर थाने मानेसर में शिकायत दी कि स्नैपचैट पर उसने एक रेनो कार हायर करने के लिए विज्ञापन देखा था। उसने ऑनलाइन अपनी डिटेल भर दी थी। कुछ समय बाद कुछ लोगों द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से इससे वर्क फ्रॉम होम करके पैसा कमाने का लालच दिया और उससे करीब एक करोड़ 12 लाख 99 हजार रुपए की ठग लिए।

### एक लाख रुपए में साइबर ठगों को मुहैया कराते थे बैंक अकाउंट

*आरोपी जैलदार बरार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता से ठगी गई राशि में से लगभग 26 लाख की राशि अखिल ट्रेडिंग नाम के एक बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। जिस बैंक खाते को इसने अपने एक अखिल नामक साथी से लेकर ठगी करने वाले साइबर ठगों को उपलब्ध करवाया था। जिसके बदले में इसको एक लाख रुपए मिले थे। बैंक खाता में ठगी गई राशि में से 2 प्रतिशत कमीशन अखिल को दिया गया था। अखिल के बैंक खाता में अब तक धोखाधड़ी की करीब 4.5 करोड़ की राशि ट्रांसफर किए जा चुके है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह दोनों मिलकर गेमिंग ऐप में बैंक खाता जोडने के नाम पर लोगों से बैंक खाता लेकर उन बैंक खातों को साइबर ठगी करने वाले अपने अन्य साथियों को उपलब्ध करवाते हैं, जो ट्रेडिंग व गेमिंग के नाम पर लोगों से ठगी करते हैं।*

## कोचिंग क्लास की सहेली ने ही

# नौकरी दिलाने के नाम पर छात्रा से दो लाख ठग लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में नौकरी दिलाने के नाम पर छात्रा से दो लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव कालियावास की भारती ने कहा कि वर्ष 2019-2020 में उसने एक निजी सेंटर से कोचिंग लेनी शुरु की थी। सेंटर में ही वर्ष 2021 में आरजू नाम की छात्रा से उसकी पहचान हो गई थी। जनवरी 2024 में आरजू का उसके पास फोन आया। आरजू ने




उससे नौकरी लगने के बारे में पूछा तो भारती ने कहा कि अभी उसकी नौकरी नहीं लगी है। जिस पर आरजू ने उससे कहा कि उसने नौकरी लगवाने की एवज में एक युवक को दो लाख रुपए दिए हैं। आरजू ने भारती को आश्वासन दिया कि युवक दो लाख रुपए में उसकी भी नौकरी लगवा देगा।

## खबर संक्षेप

### बिगड़ने लगा मौसम का मिजाज, पारा पहुंचा 39 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मौसम का मिजाज अब बिगड़ने लगा है। सोमवार को दिल्ली के पीतमपुरा में सबसे ज्यादा 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम में सबसे ज्यादा है। वहीं दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान फिलहाल राहत देने वाला कहा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 कम है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जल्द ही पारा और बढ़ेगा, आंकड़ा 40 डिग्री को पार कर सकता है। हालांकि सप्ताह के अंत के करीब दिल्ली में हल्की बारिश भी देखने को मिल सकती है। जबकि इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी जिससे लू के थपेड़े की मार झेलनी पड़ सकती है। मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल महीने के अंत तक राजधानी में भीषण गर्मी लोगों की परेशानियां बढ़ाने वाली रहेगी।

### इस बार बिजली की खपत पहुंच सकती है आठ हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बिजली की मांग हर वर्ष लगातार बढ़ती ही जा रही है। बिजली कंपनियों का अनुमान है कि इस बार गर्मियों के मौसम में दिल्ली वाले 8 हजार मेगावाट तक बिजली खपत कर सकती है। मांग के आंकड़े को देखते हुए निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि इस बार अनुमान है कि गर्मियों में 8000 मेगावॉट तक बिजली की मांग पहुंच सकती है। ऐसे में कंपनी ने अपने वितरण क्षेत्र में पीक पावर डिमांड को पूरा करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। कामत ने दावा किया कि मांग के अनुरूप बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है, ताकि आने वाली गर्मियों में दक्षिण, पश्चिम, मध्य और पूर्वी दिल्ली के लगभग 2 करोड़ लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### सत्तापक्ष के सदस्य द्वारा विधानसभा में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिया जवाब

# अस्पतालों में दवा की कमी पर मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव पर दर्ज किए जाएंगे मामले : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में दवाओं की कमी को लेकर मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे। दरसअल मंत्री ने यह बात सत्तापक्ष के सदस्य राजेंद्र पाल गौतम द्वारा सदन में अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में दवाओं की कमी और कुछ संबंधित अधिकारियों द्वारा मोहल्ला क्लीनिकों में मुफ्त स्वास्थ्य जांचों को रोकने का मुद्दे लाए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में कही। इस दौरान सौरभ ने सदन पटल पर दो रिपोर्ट पेश कीं, जिनमें मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव की रिपोर्ट भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने लिखित रूप में दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में दवाएं उपलब्ध थीं और जो अनुपलब्ध थीं, उन्हें बदल दिया गया। दूसरी रिपोर्ट विधायकों की प्रतिक्रिया, समाचार रिपोर्ट और उनकी अपनी पूछताछ पर आधारित थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत बोलियां उपलब्ध होने के बावजूद 2023 की केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) निविदा को अंतिम रूप नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों और मोहल्ला क्लीनिकों के लिए दवाएं सीपीए के माध्यम से खरीदी जाती हैं। भारद्वाज ने कहा कि जनवरी में दवा की कमी और मोहल्ला क्लीनिक में जांच बंद होने का मामला सामने आया था। उन्होंने विवरण और कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव को 12 फरवरी, फिर 4 मार्च और 18 मार्च को पत्र लिखा, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

अस्पतालों द्वारा स्थानीय खरीद या अनुबंध दर पर खरीद के माध्यम से दवा खरीद के वैकल्पिक तरीके हैं, लेकिन चिकित्सा अधीक्षकों और चिकित्सा निदेशकों ने 1 मार्च और 11 मार्च को हुई बैठकों में बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी परिपत्रों के कारण यह असंभव हो गया है। उन्होंने सदन में कहा कि सीपीए की टेंडर में बाधा डालकर दवा आपूर्ति रोकने की पूर्व नियोजित साजिश थी। अगर अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में दवाएं ही उपलब्ध नहीं हैं तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल या सौरभ भारद्वाज क्या करेंगे। इस दौरान उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें बार-बार पत्र लिखा और बताया कि मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव दवाओं की कमी को छिपाकर मुझे और दिल्ली सरकार को गुमराह कर रहे थे। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि लाखों लोग दवाओं के लिए सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों और मोहल्ला क्लीनिकों पर निर्भर हैं, जिनमें गंभीर बीमारियों के मामले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर दवाओं की कमी के कारण किसी की मृत्यु हो जाती है या वह गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है तो क्या मामले में आपराधिक मुकदमा शुरू नहीं किया जाना चाहिए।

हम चुप नहीं बैठेंगे और केस दर्ज कराएंगे। हम इसे ऐसे ही नहीं जाने देंगे। वहीं मंत्री सौरभ ने सदन में मालवीय नगर अस्पताल में दवाईयों की कमी के कई पर्चों की सदन में चर्चा भी की। सत्तापक्ष के सदस्य राजेंद्र पाल गौतम द्वारा सदन में पेश इस ध्यानकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा में संजीव झा, राजेश गुप्ता, राजेश ऋषि, शिव चरण गोयल, राखी बिड़ला, महेंद्र गोयल व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## जल बोर्ड घोटाले पर चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शलों द्वारा विधानसभा से निकाला बाहर

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। सदन से बाहर निकलकर विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा परिसर में ही स्थित गांधी प्रतिमा के पास इस पर हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया और इस मामले में एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी थे। गौरतलब है कि सोमवार को सदन की कार्यवाही विधानसभा सदस्यों द्वारा नियम 280 (विशेष उल्लेख) के तहत अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मुद्दे उठाने के साथ शुरू हुई। विपक्ष के सदस्य मोहन सिंह बिष्ट ने नियम विशेष उल्लेख के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र करावल नगर का मामला उठाते हुए कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनियों में विधायक निधि से काम कराने के लिए एमसीडी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य कर दिया गया है। एमसीडी अनापत्ति प्रमाण पत्र दे नहीं रही है ऐसे में आधे अधूरे काम पड़े हैं उधर ठेकेदारों की पेमेंट नहीं दी जा रही है। जिससे विकास कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने कहा कि एमसीडी एनओसी देने में मनमानी कर रही है। इसको संज्ञान में लिया जाए। इसके बाद नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जल बोर्ड में घोटाले का मामला उठाते हुए सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। विपक्ष के सदस्य अभय वर्मा ने जोर-शोर जल बोर्ड घोटाले पर चर्चा की मांग की लेकिन अध्यक्ष ने अनुमति नहीं दी तब सभी विपक्षी सदस्य खड़े होकर हंगामा करने लगे जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और विपक्षी सदस्य मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अभय वर्मा और अजय महावर को मार्शलों को बुलाकर सदन से बाहर करा दिया। विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि इस तानाशाही का विरोध करते हैं और सदन से आकर नारे लगाने लगे। वे अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर लिखा था 'जल बोर्ड घोटाले में सीबीआई दर्ज करे केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर' और 'जल बोर्ड घोटाले में केजरीवाल को करो गिरफ्तार'। इसके बाद विधायक महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए विधानसभा पहुंचे थे लेकिन विपक्षी सदस्यों को बाहर निकाले जाने के कारण वह भी गांधी की प्रतिमा के पास ही विधायकों से मिलने पहुंचे।



## सत्तापक्ष ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पर विशेषाधिकार हनन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के पास विपक्षी सदस्यों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी प्रदर्शन में शामिल होने पर सत्तापक्ष के एक सदस्य ने विरोध जताते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन के तहत कार्यवाही की मांग की। सत्तापक्ष के सदस्य संजीव झा ने सदन में कहा कि विधानसभा परिसर को भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक अखाड़ा बना दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों के साथ विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया और मीडिया में बयान भी दिए। ये विधानसभा का परिसर चुने हुए सदस्यों के लिए जनता की आवाज उठाने के लिए है। झा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किसके हस्ताक्षर से विधानसभा परिसर आकर प्रदर्शन किया और मीडिया में बयान दिए। यह सदन के विशेषाधिकार का हनन है। इस पर उचित कार्रवाई की जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने झा से कहा कि वह लिखित में शिकायत सदन को दें। जिसके बाद उन्होंने कहा कि हम सदन में लिखित शिकायत दे रहे हैं।

### विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही को सोमवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। सोमवार को सदन चला रहीं विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने सदन की कार्यवाही सुचारू रूप में चलाने के लिए सदस्यों, अधिकारियों और मीडिया का धन्यवाद देते हुए सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## दिल्ली में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक होना भाजपा की नाकामी : लवली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रोजगार की कमी को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि राजधानी में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक होना भाजपा सांसदों की नाकामी को दर्शाता है। लवली ने कहा कि सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में बेरोजगारी दर (यूआर) 2021-22 के राष्ट्रीय औसत से अधिक थी। जिसके अनुसार राजधानी की जनसंख्या 2036 तक 2.65 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है, जबकि लिंग अनुपात अनुसार इसमें सुधार नाममात्र है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जारी 2023 की बेरोजगार रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि राजधानी में जहां महिलाओं की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत है वहीं पुरुषों की बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर पुरुषों की बेरोजगारी 4.4 प्रतिशत और महिलाओं की बेरोजगारी दर 3.3 प्रतिशत है। लवली ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार और उनके सांसदों की विफलता का परिणाम है कि 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा करने के बावजूद बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीलिंग, जीएसटी को गलत तरीके से लागू करने, नोटबंदी जैसी भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण दिल्ली में बेरोजगारी बढ़ी जिसके लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार है। लवली ने कहा कि भाजपा सरकार की रोजगार देने के प्रति निष्क्रिय नीति के कारण बेरोजगारी ने 45 वर्षों का रिकार्ड तोड़ चुकी है।

### नवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाजारों में उमड़ी भीड़, मंदिरों में तैयारियां पूरी

नई दिल्ली। चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर दिल्ली के बाजारों में पूजन सामग्री आदि की खरीदारी को लेकर भीड़ लगी रही। इसमें पूजन सामग्री, मिट्टी के बर्तन बेचने वाले, फूल माला बेचने वाले व मूर्ति विक्रेताओं की दुकानों पर शाम के समय भारी भीड़ देखी गई। वहीं कई मंदिरों में देर रात से ही मां के दर्शन के लिए लंबी लाइनें लग गई। मंगलवार को नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुगण सबसे पहले घटस्थापना करेंगे और उसके बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री का विधिवत पूजन, अर्चन और स्तवन करेंगे। इसके साथ ही नो दिन चलने वाले व्रत उपवास व पूजा पाठ की शुरुआत हो जाएगी। मां शैल का अर्थ है हिमालय और पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। घटस्थापना को लेकर पंडित संजीव झा ने बताया कि इस बार शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 02 मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक है। इन 2 शुभ मुहूर्त में ही घटस्थापना करना शुभ व फलदायक होगा। वहीं सोमवार को नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों में चल रही तैयारियां लगभग देर रात तक पूरी कर ली गई। जबकि प्रसिद्ध मंदिरों में दूरदराज क्षेत्रों से आए भक्त मां की पावन ज्योति को अपने साथ लेकर जाने लगे। इनमें पांडव कालीन प्राचीन सिद्धपीठ माँ कालकाजी मंदिर, झंडेवाला मंदिर, रोहिणी रिंग रोड माता कालिका मंदिर आदि शामिल है।

## शराब घोटाले से बड़ा है दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला : सचदेवा

### भाजपा ने की जल बोर्ड घोटालों की जांच सीबीआई से कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शराब घोटाले से बड़ा दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और भाजपा विधायकों ने सोमवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता में सीएम अरविंद केजरीवाल के जलबोर्ड घोटाले का खुलासा करते हुए इन घोटालों की जांच सीबीआई से कराने की मांग रखी। सचदेवा ने कहा कि मुफ्त पानी देने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार 49 रुपये प्रति किलो लीटर और कमर्शियल में लगभग 80 रुपए प्रति किलो लीटर पानी दे रही है। विधायक एवं दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अभय वर्मा द्वारा संचालित प्रेसवार्ता में विधायक विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय महावर, अनिल वाजपेयी, जितेन्द्र महाजन उपस्थित थे। विधायक अभय वर्मा ने कहा कि दिल्ली के अंदर मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर अरविंद केजरीवाल सिर्फ दिल्ली की जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक और स्वास्थ्य विभाग में चल रहे धांधली को तथ्यों के साथ रखा और कहा कि पूरा का पूरा विभाग भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का पूरा का पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार में लिप्त है। जो पानी वह उपलब्ध कराते हैं वह पीने के लायक नहीं होता और स्वास्थ्य विभाग की लचर स्थिति यह है कि अब दिल्ली की जनता मोहल्ला क्लीनिक और दिल्ली सरकार के अस्पतालों में जाने से डर रही है।

### '73 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा जल बोर्ड'

सचदेवा ने कहा कि भाजपा लम्बे समय से कहती रही है कि दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला शराब घोटाले से बड़ा है और आप नेता इससे बचने का हमेशा प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि पिछले 9 साल में 28 हजार 400 करोड़ रुपए बेहिसाब हैं जिनका कोई हिसाब नहीं है। सचदेवा ने कहा कि 2013 से जल बोर्ड में शुरु हुए घोटालों का खेल आज उस जगह पहुंच चुका है कि अब जल बोर्ड 73 हजार करोड़ रुपये के कर्ज में डूबा है और उसकी पूर्ति के लिए दिल्ली की जनता को ठगने का प्लान भी तैयार कर लिया गया है।

### संजय सिंह ने आप कार्यालय पर की प्रैसवार्ता

# 'भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए लाखों करोड़ रुपये का किया भ्रष्टाचार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को भाजपा के बॉन्ड का कांड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा ने बड़े सुनियोजित तरीके से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया। 45 संदिग्ध कंपनियां हैं, जिन्होंने भाजपा को 1068 करोड़ रुपए का चंदा दिया है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि घाटे में चल रही 33 कंपनियों ने भाजपा को 450 करोड़ का चंदा दिया, जबकि छह कंपनियों ने 600 करोड़ का चंदा दिया। 17 कंपनियां ऐसी हैं, जिनका टैक्स निगेटिव है और इन्होंने भाजपा को चंदा दिया है। वहीं, एक कंपनी ने अपने मुनाफे का 93 गुना ज्यादा चंदा भाजपा को दिया है।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले नियम था कि कंपनियां अपने मुनाफे का केवल 7.5 फीसद तक ही चंदा दे सकती हैं। मोदी सरकार ने इस नियम को हटा दिया, तभी घाटे में चलने वाली कंपनियां भाजपा को चंदा दे पाईं। फर्जी कंपनियां बनाकर सैकड़ों करोड़ रुपए का चंदा लिया गया। भ्रष्टाचार का मनी ट्रेल साफ दिख रही है, लेकिन ईडी-सीबीआई मौन हैं। प्रैसवार्ता में संजय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पर्दे के पीछे देश की जनता से छिपाकर हजारों-लाखों करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार बीजेपी की मोदी सरकार ने किया है। यह भ्रष्टाचार इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर हुआ है। इसके लिए मोदी सरकार ने नियमों में बदलाव किया और कंपनियों को हजारों करोड़ रुपये की टैक्स छूट व लाखों करोड़ों का ठेका दिया गया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इनके छिपाए गए इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा को निकाल कर देश की जनता के सामने रख दिया। मोदी सरकार इस समय देश की सबसे बड़ी महाभ्रष्ट सरकार है। इसका खुलासा इस बात से हुआ कि पिछले सात साल से एक लाख करोड़ रुपये के घाटे में चल रही 33 कंपनियों ने बीजेपी को 450 करोड रुपये का चंदा दिया है। इन 33 कंपनियों में से 17 ऐसी हैं, जिन्होंने या तो जीरो टैक्स दिया है या फिर उनको इसमें छूट मिली है। वहीं, इनमें से 6 कंपनी ऐसी हैं, जिन्होंने बीजेपी को 600 करोड रुपये का चंदा दिया है और एक कंपनी ऐसी है, जिसने अपने मुनाफे से तीन गुना ज्यादा चंदा दिया है। वहीं, दूसरी कंपनी ऐसी है, जिसने अपने मुनाफे का 93 गुना ज्यादा चंदा दिया है। तीन कंपनियां ऐसी हैं, जिन्होंने 28 करोड रुपये का चंदा दिया और जीरो टैक्स अदा किया है।

## आम आदमी पार्टी ने चुनावी कैंपेन 'जेल का जवाब वोट से' किया लॉन्च




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने कैंपेन की थीम बदल कर 'जेल का जवाब वोट से' कर दिया है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, सांसद संजय सिंह और राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने इस चुनावी कैंपेन को लॉन्च किया। इस दौरान डॉ. संदीप पाठक ने दिल्ली की जनता से कहा है कि अरविंद केजरीवाल आपको मुफ्त शिक्षा, इलाज, पानी, बिजली के साथ ही महिलाओं के लिए बसों में सफर और 1 हजार रुपए महीना देने का इंतजाम किया। दिल्ली की जनता ने जिस ईमानदार राजनीतिक को जन्म दिया, आज उसी राजनीति को खत्म करने के लिए षड़यंत्र किया जा रहा है। इसलिए हमें अपना दुख-दर्द अपने दिल में दबा कर रखना है और चुनाव के दिन जेल का जवाब वोट से देना है। वहीं गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कभी दिल्ली के लोगों के मान सम्मान को झुकने नहीं दिया। आज तानाशाह सरकार ने अरविंद केजरीवाल को उठाकर तिहाड़ जेल में भेज दिया है। अब हम दिल्लीवालों की जिम्मेदारी है कि हम अरविंद केजरीवाल के मान सम्मान और उनके काम को पीछे नहीं हटने देंगे। वहीं संजय ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों से हाथ जोड़कर केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप जब भी वोट करने जाएं तो अरविंद केजरीवाल का चेहरा याद करके और आपके घरों में आए बिजली के जीरो बिल देख कर जाएं।

### दिल्ली के लोग केजरीवाल को वोट से देंगे चोटः भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के लोग सीएम अरविंद केजरीवाल को वोट से चोट देंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी को घेरते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी का लोकसभा अभियान लांच एक तरफ हंसी का विषय है जबकि दूसरी तरफ यह एक स्वीकृति है कि आप नेता समझते हैं कि अब सीएम अरविंद केजरीवाल को शीघ्र ही जमानत नहीं मिलेगी। सचदेवा ने कहा है कि आप नेता गलती में हैं अगर वह सोचते हैं कि केजरीवाल के जेल के पीछे खड़े फोटो दिखाकर वे सहानुभूति का वोट उत्पन्न कर सकते हैं, दिल्ली के लोग आज जल्दी में लांच किए गए अभियान पोस्टर पर हंस रहे हैं। दिल्ली के लोग कह रहे हैं कि जेल का जवाब वोट से कहना समझ में नहीं आता, दिल्ली के लोग केजरीवाल को वोट से चोट देंगे।

## एलजी ने गृह मंत्रालय को पत्र लिख लगाए मंत्रियों पर अनेदखी के आरोप कहा, बैठकों में नहीं हो रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार द्वारा सहयोग न करने का मुद्दा उठाया है। राजनिवास के सूत्रों के अनुसार एलजी ने दिल्ली सरकार के मंत्रियों द्वारा बैठकों में नहीं आने व अन्य मुद्दों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। पत्र में एलजी ने लिखा है कि मेरे द्वारा बुलाई जा रही बैठकों में आप सरकार के मंत्री शामिल नहीं हो रहे है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में है और राजनिवास द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में आप सरकार के मंत्रियों ने आने से इंकार कर दिया है। राजनिवास सूत्रों की माने तो एलजी ने लिखा है कि सीएम केजरीवाल की हिरासत की वजह से शासन के नियमित कार्यों में बाधा न आए, इसलिए इस तरह का परामर्श आवश्यक था। जिसको लेकर मैंने बैठक बुलाई लेकिन लेकिन मंत्रियों ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट को आधार बनाकर राजनिवास में होने वाली बैठकों में शामिल होने से इंकार कर दिया। एलजी ने पत्र में साफ लिखा है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी और उसके बाद घट रही घटनाओं की वजह से राजधानी में सार्वजनिक स्वास्थ्य, पेयजल आपूर्ति आदि आवश्यक सेवाओं पर विपरीत असर पड़ रहा है।

### एलजी को सरकार चलाने का शौक है तो चुनाव में जीत कर चलाएं सरकार : सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखे पत्र पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एलजी को अगर सरकार चलाने का शौक है तो वह अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़े और जीत कर सरकार चलाएं। सौरभ ने कहा कि बिल्ली के भाग छींका नहीं फूटता। एलजी साहब थोड़ा संविधान समझ लें। वह पानी की, स्वास्थ्य की, वातावरण की, फारेस्ट की बात कर रहे हैं। ये सभी ट्रांसफर सब्जेक्ट हैं। चुनी हुई सरकार के सब्जेक्ट हैं। संविधान के कौन से अनुच्छेद में एलजी को यह पावर दे दी गई है कि चुने हुए मंत्री को बुलाकर इसके ऊपर आदेश दे सकते हैं।



चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

# मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

### मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

### नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।

### मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

**मां के** रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

# आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।

**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर



**आप घरेलू** महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

# व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन



नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

प्रस्तुति:निधि गोयल

परवरिश / सरस्वती रमेश

# बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन

नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-



**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं।

**लोगों को परखना सिखाएं:** जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। हमें अपनी बेटियों को आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख भी देनी होगी।




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

# नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार

## साबूदाना पोटैटो पकोड़े



**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

## राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।

शक्ति पीठ विंध्यवासिनी देवी का मंदिर नए परिवेश के लिए तैयार

# विंध्याचल में नवरात्र पर एटीएस के हवाले मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था, अर्धसैनिक बल के साथ तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात, ड्रोन से भी करेंगे निगरानी

विंध्याचल में विंध्यवासिनी देवी के शक्ति पीठ मंदिर में नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यहां की सुरक्षा व्यवस्था एटीएस के हवाले कर दी गई है। मेला सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

यूपी के मिर्जापुर के पास विंध्याचल में स्थित शक्ति पीठ विंध्यवासिनी देवी का मंदिर नए परिवेश में नवरात्र मेले के लिए तैयार हो गया है। नवरात्र में भारी भीड़ को देखते हुए यहां की सुरक्षा व्यवस्था आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के हवाले कर दी गई है। नवरात्र मेला मंगलवार भोर से शुरू होने जा रहा है। पूरे मेले की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में दिखेंगी। मेले की ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

**खास बातें**

- मेला क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी
- बम डिस्पोजल दस्ता मौजूद
- जल पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे
- मेला क्षेत्र 10 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा



## मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नौ दिन तक चलने वाले मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेला सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। होमगार्ड, पीआरडी, यातायात पुलिस एवं फायर ब्रिगेड के जवानों को भी लगाया गया है। आधुनिक उपकरणों से युक्त बम डिस्पोजल दस्ता और जल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे।

**दुकानों पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश:** देवी के गर्भगृह में चरण छूने पर वीआईपी लोगों पर भी प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके साथ ही साथ पंडों, नाइयों और सफाईकर्मियों को ड्रेसकोड में रहने के आदेश दिए गए हैं। दुकानदारों और वाहन स्टैंडों पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**भीड़ रोकने लगाए गए बैरियर:** नगर मस्जिस्ट्रेट लाल बहादुर को मेला अधिकारी बनाया गया है जबकि अपर जिला मजिस्ट्रेट एसपी शुक्ल सुपर मजिस्ट्रेट होंगे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी जोनों में जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में आवश्यकता से अधिक भीड़ एकत्र न हो सके इसके लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं।

## अतिसंवेदनशील स्थानों पर अधिक सतर्कता

जिला पुलिस प्रमुख अभिनंदन ने बताया कि मेले में सिविल पुलिस के अलावा जल पुलिस यातायात घुड़सवार पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी के जवान भी है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग से व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एटीएस के जवान मोर्चा संभालेंगे। यह टीम पूरे नवरात्र मेला सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। उन्होंने बताया कि अतिसंवेदनशील स्थानों पर अधिक सतर्कता बरती जा रही है।

**सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार करें:** मंडलायुक्त मुथु स्वामी और पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिह ने मेला की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए। नवरात्र मेले में ड्यूटी पर तैनात किए गए सुरक्षा कर्मियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ड्यूटी के दौरान श्रद्धालु दर्शनार्थियों के साथ विनम्र व्यवहार करें। साथ ही साथ-साफ सुथरी वर्दी में अनुशासित रह कर अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करेंगे।

---

**खबर संक्षेप**

### शहतूत तोड़ने पर स्केल से गुरुजी ने बेरहमी से पीटा

**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद में पेड़ से मात्र एक शहतूत तोड़ लेने पर प्रधानाध्यापक ने चौथी का छात्रा को बेरहमी से पीटा। छात्रा दर्द से छटपटाते हुए फिर से गलती न करने की गुहार लगाती रही, लेकिन प्रधानाध्यापक का दिल नहीं पसीजा। वह उसे पीटते रहे। घटना टूंडला थाना क्षेत्र के नगला केसों गांव की है। गांव निवासी राम नरेश की 9 वर्षीय बालिका कु. रौना प्राथमिक विद्यालय-अनवारा में कक्षा चार की छात्रा है। स्कूल परिसर में लगे शहतूत के पेड़ से शहतूत तोड़ने पर उसे पीटा गया।



### मवेशियों से लदा कंटेनर पलटा, 25 की मौत

**पालोजोरी।** झारखंड में शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 1 बजे मवेशियों से लदा एक कंटेनर असंतुलित होकर पलट गया। इसमें लदे 25 मवेशियों की मौत हो गई। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर में सवार तीन को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। यह पालोजोरी खागा थाना क्षेत्र के महेशबथान- मुर्गाबनी मोड़ के पास की घटना है। कंटेनर में से 25 मवेशियों की मौत दम घुटने से हो गई। कंटेनर का नंबर एनएल 01 एजी 0432 है। पालाजोरी के ऊपरबंधा पशु चिकित्सालय में कार्यरत टीवीओ अशोक कुमार ने भी पुष्टि की।




---

विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम

## कांग्रेस कर रही वोट की राजनीति पीएम विकास के लिए कर रहे काम




बराड़ा। गदा हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

विजय सकंल्प रैली में सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जमकर गरजे। लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के पक्ष में आयोजित इस रैली में सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुआ है। देश व प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में विकास की बहार लगा रखी है। उन्होंने ने कहा कि हल्का मुलाना मेरा घर है । मैं यहां के लोगों के बीच से ऊठा हूं। यहां के सभी लोगों से परिचित हूं। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा जिलाध्यक्ष थे तब लोगों का उनको बहुत सहयोग मिला था। उन्होंने अंबाला लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के समर्थन में अपील करते हुए कहा कि बंतो चिर परिचित चेहरा है। उनके पति स्व. रतन लाल कटारिया यहां के कई बार सांसद बन चुके हैं। केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने अंबाला के विकास में बहुत योगदान दिया है। भविष्य में भी विकास कार्यों को गति देने के लिए बंतो कटारिया को भारी मतो से जितवाकर केंद्र में भेजना है। उन्होंने कहा कि सीएम कार्यालय के दरवाजे हर एक के लिए हमेशा खुले हैं। कोई भी व्यक्ति उनसे बिना बेझिझक मिल सकता है। प्रदेश सरकार ने किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी देकर किसानों की आय में बढ़ोतरी की है।

### कांग्रेस को गारंटियों का सहारा लेना पड़ रहा

नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के लोगों के पास चुनाव में कहने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वे दुष्प्रचार करने का काम कर रहे हैं। 55 साल शासन करने वाली कांग्रेस को गारंटियों का सहारा लेना पड़ रहा है। सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार काम करने वाली सरकार है, विकास करने वाली सरकार है। देश ने कल्पना भी नहीं की थी उससे अधिक विकास मोदी सरकार ने 10 साल में करके दिखाया है। कल्पनाओं से परे बेहतरीन सड़कें और रेलवे कनेक्टिविटी देकर सुगम यातायात की सुविधाएं दी है। नायब सैनी ने कहा कि 10 साल पहले अंबाला की हालत क्या थी, आप सभी लोग जानते हैं। 2014 के बाद का अंबाला भी आप देख रहे हैं। सहरसाबाद से जम्मू कटरा और 152डी से सड़कों का मिलाने का काम डबल इंजन सरकार ने किया है।

---

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रामपुर और धामपुर में चुनाव रैलियों में सीएम योगी की तारीफ की

# यूपी में बदले कानून-व्यवस्था के हालात बिना रोक-टोक बेटियां कर पा रहीं पढ़ाई

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रामपुर और धामपुर में चुनाव रैलियों में यूपी में मौजूदा कानून व्यवस्था को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना की और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। कहा कि घंमडिया गठबंधन के आधे नेता या तो जेल में और आधे बेल पर है। पहले यूपी का मतलब होता था- उत्पीड़न और पक्षपात। आज यूपी का मतलब उम्मीद और प्रगति है।

एजेंसी ▶▶ रामपुर

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रामपुर और धामपुर में चुनाव रैलियों में यूपी में मौजूदा कानून व्यवस्था को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना की और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में हालात बदल चुके हैं। एक वक्त ऐसा था, जब बेटियां जब तक अपने घर न पहुंच जाए तब तक घरवालों की धड़कने बढ़ी रहती थीं। मगर आज बिना रोक-टोक बेटियां पढ़ाई कर पा रही हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि यह चुनाव की बेला है, अभी-अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से नवाजा। इसके लिए मैं पीएम मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

**खास बातें**

- योगी ने दुरुस्त की कानून व्यवस्था
- मोदी और योगी युग में सुशासन मिला
- भाजपा विकासवाद की राजनीति करती है




### रामपुर आज वायलिन के लिए मशहूर

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले यहां लोगों का अपहरण होता था, लोग पलायन कर रहे थे। व्यापारियों को व्यापार में दिक्कत होती थी, लेकिन आज रामपुर विकास की तरफ आगे बढ़ रहा हैं। एक समय में रामपुर चाकू, हिंसा के लिए मशहूर था लेकिन आज वायलिन मशहूर हो गया हैं। उन्होंने कहा कि मुझे वह दिन भी याद है जब दुकानें बंद रहती थी, बेटियां जब तक अपने घर न पहुंच जाए तब तक घरवालों की धड़कनें बढ़ी रहती थी, लेकिन आज बिना रोकटोक के बेटियां अपना अध्यापन कर रही हैं। यह स्थिति पीएम मोदी और सीएम योगी के कारण हुई है।

### देश को विकसित करने का चुनाव

जेपी नड्डा ने कहा कि यह चुनाव देश को विकसित करने का चुनाव हैं, देश की बदलती राजनीति का चुनाव है। यहां लोगों का भरोसा बना हैं, मोदी और योगी युग में सुशासन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ने राजनीति का कल्चर बदल दिया है, पहले वोटबैंक की राजनीति करते थे, लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते थे, लेकिन पीएम मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है। अब कोई अगला-पिछड़ा नहीं है सिर्फ विकासवाद की राजनीति है। आज विपक्ष देश को जातियों में बांटने का प्रयास कर रहा है जबकि पीएम मोदी 'गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी-शक्ति! के विकास पर ध्यान दे रहे हैं। जब इनका विकास होता है तब देश एकसाथ आगे बढ़ता है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है तो भाजपा को जिताना होगा।

### विपक्ष के आधे नेता जेल में, आधे बेल पर



**धामपुर।** जेपी नड्डा ने धामपुर में मुरादाबाद मार्ग स्थित प्रियंका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि घंमडिया गठबंधन के आधे नेता या तो जेल में और आधे बेल पर है। घंमडिया गठबंधन केवल दो बातों का है। एक गठबंधन है जो भ्रष्टाचारी बचाओ गठबंधन है। ये परिवार की पार्टियां है। कांग्रेस ने चीनी घोटाला किया, चावल का घोटाला किया। टू जी का, थ्री जी का घोटाला किया, विमानों का घोटाला किया। आकाश से पाताल तक कुछ नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी का मतलब होता था- उत्पीड़न और पक्षपात। आज यूपी का मतलब उम्मीद और प्रगति है।

27 नए मेडिकल कॉलेज यूपी को दिए हैं। तीन हजार किलोमीटर के हाईवे बनाए गए। नमो भारत ट्रेन चलाई गई। नई सड़कें बन रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्ष अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के रहे हैं, जिससे आज राष्ट्र सशक्त, समृद्ध और स्वाभिमान से परिपूर्ण हुआ है। धारा 370, प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर, हमारे मुस्लिम बहनों को तीन-तलाक से मुक्ति आदि ऐसे निर्णय हैं, जो इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होंगे। यही कारण है कि लोगों का विश्वास हम पर निरंतर बढ़ रहा है।

---

**पेज एक का शेष**

### हमने कांग्रेस की लूट...

और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

### बिचौलियों की कमाई...

भव्य मंदिर बनने से शाही परिवार और कांग्रेस के लोग नाराज होकर न्यौता ठुकरा दिया। जो लोग दर्शन के लिए पहुंचे उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग की छाप बताया।

### गरीब महिलाओं...

है, आपकी भाषा है आपके जीने का तरीका है उसको ये लोग मिटाने की कोशिश करते हैं। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालो। आपको वहां एक आदिवासी नाम नहीं मिलेगा। चुनाव का समय है हमने अभी मेनिफेस्टो बनाया है। इसके तहत हर एक गरीब परिवार को उसमें से हम एक महिला को चुनेंगे और उस महिला के बैंक अकांउट में साल के एक लाख रू. हम डालेंगे। हिंदुस्तान के हर युवा को साल का एक लाख और एक साल का अप्रेंटिसशिप का अधिकार हम देने जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडला और शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी ओमकार मरकाम और फुंदेलाल मार्को, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार , पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह, पूर्व मंत्री एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, अभा कांग्रेस के सचिव संजय कपूर सहित वरिष्ठ नेतागण, स्थानीय नेतागण, कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### दिल्ली का रहने वाला...

ने इलाके में आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 7 फरवरी 2024 को आतंकियों ने हब्बा कदल इलाके में सिख समुदाय के दो लोगों को एके राइफल से गोली मारी दी थी। अमृतसर के रहने वाले अमृत पाल (31) की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं अमृतसर के ही रहने वाले रोहित (25) को पेट के बाईं तरफ गोली लगी थी। जिनकी अगले दिन इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### 5.60 करोड़ नकद...

98 करोड़ की शराब और 3.53 करोड़ कैश जब्तः वहीं इससे दो दिन पहले कर्नाटक आबकारी विभाग ने मैसुरु ग्रामीण जिले के चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र से 98.52 करोड़ रुपये की शराब जब्त की थी। आयकर विभाग और स्थैतिक निगरानी दल ने 3.53 करोड़ रुपये की नकदी भी जब्त की है। आयोग के मुताबिक सभी जगह नजर रखी जा रही है। बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से 2.20 करोड़, गुलबर्गा लोकसभा क्षेत्र में जांच के दौरान 35 लाख, उडुपी-चिकमंगलुरु निर्वाचन क्षेत्र से 45 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई। कर्नाटक में दो चरणों में 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होना है।

**ज्वेलर के पास नहीं मिले पर्याप्त दस्तावेजः** छापेमारी के दौरान पुलिस ने जब ज्वेलर से पूछताछ की तो नरेश सोनी के पास इतनी बड़ी रकम और ज्वेलरी को लेकर पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिले जिसके बाद चुनाव अधिकारी के निर्देश पर ये सारा माल जब्त कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, जब्त की गई सामग्री में से 5 करोड़ 60 लाख रुपये कैश है।

### बच्चों की इंटरसेक्स...

बनाने के लिए इस तरह की सर्जरी करवा रहे हैं। इस तरह के ऑपरेशनों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां इस तरह की सर्जरी पर रोक लगी है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों को पुरुष या महिला बनाने के लिए उनकी सहमति के बिना जन्म के समय इंटरसेक्स सर्जरी की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस तरह के चिकित्सीय हस्तक्षेप दंडनीय अपराध हैं और इन्हें रोकने के लिए एक कानून होना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट जन्म के समय इंटरसेक्स सर्जरी के मुद्दे पर न्यायिक हस्तक्षेप की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र को नोटिस जारी किया और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कार्यवाही में सहायता मांगी।

---

कांग्रेस पर गरजे मायावती के भतीजे

## अब कौन सा फेविकोल लिए हैं, जिससे भारत जोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ बरेली

बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने बरेली की जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले भैया एक देश से दूसरे कोने तक जाकर भारत जोड़ेंगे। 70 सालों से तो कुछ नहीं हुआ अब कौन सा फेविकोल लिए हैं, जिससे भारत जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में एक लाल टोपी वाले नेता है। एक बार साइकिल का चक्कर लगाकर सत्ता में पहुंच गए।

### अन्य दलों ने धन्ना सेठों के सहारे लड़ा चुनाव




आकाश आनंद ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 16,500 करोड़ रुपए 25 राजनीतिक दलों को चंदा मिला, लेकिन इसमें बसपा का नाम नहीं था। बसपा पूंजीपतियों और धन्ना सेठों के सहारे नहीं, कार्यकर्ताओं के धन, मन, बल के बूते चुनाव लड़ता है।

---

केके पाठक ने लापरवाह शिक्षकों पर चलाया डंडा

## 1400 हेडमास्टर की एक दिन की कटी सैलरी, अब वेतन पर संकट

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में लापरवाही को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक के का लापरवाह शिक्षकों पर डंडा चला है। राज्य से सरकारी स्कूलों के चौदह सौ हैडमास्टर का एक दिन की सैलरी काट दी गई है। कहा जा रहा है कि इन शिक्षकों का एक माह का वेतन भी कट सकता है। पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला मिड डे मिल से जुड़ा है।

जानकारी के मुताबिक इन हेडमास्टरों ने अपने अपने स्कूलों से मध्यान भोजन योजना से संबंधित



रिपोर्ट शिक्षा विभाग को नहीं दिया। समय से रिपोर्ट नहीं पेश करने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन बंद करने का आदेश सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया है। शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया है कि किस परिस्थिति में रिपोर्ट नहीं भेजी गयी। इसमें प्रधानाध्यपकों की लापरवाही तो नहीं है।

### कारण बताओ नोटिस जारी किया

शिक्षा विभाग ने यह भी कहा है कि जिन प्रधानाध्यापकों ने मध्यान्ह भोजन की रिपोर्ट भेजने में लापरवाही बरती है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा किया जाए कि क्यों नहीं उनका एक माह का वेतन लापरवाही की वजह से कटौती की जाए। ऐसे 1400 से अधिक प्रधानाध्यापकों की सूची भेजी गई है। स्पष्टीकरण में सही जवाब नहीं देने की स्थिति में उनके एक माह के वेतन की कटौती हो सकती है।

---

एटीएस की पूछताछ में खुलासा पाक में बने थे आतंकियों के फर्जी पासपोर्ट

## रामनवमी और लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े आतंकी हमले की तैयारी थी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रामनवमी और लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े आतंकी हमले की तैयारी थी। यह खुलासा हिजबुल मुजाहिदीन और आईएसआई से जुड़े तीनों आतंकियों अल्ताफ भट, सैयद गजनर और नासिर अली ने एटीएस से पूछताछ में की है। इन्हें एटीएस ने 3 अप्रैल को महाराजगंज में इंडो-नेपाल बॉर्डर के फरेंदा गांव से गिरफ्तार किया था।

एटीएस सूत्रों ने बताया, आतंकी ट्रेनिंग ले चुके अल्ताफ का कहना है कि 14 साल की उम्र में आतंकियों ने उसका अपहरण कर लिया और पाकिस्तान ले गए। मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी कैंप में आतंकी ट्रेनिंग दी गई। कैंप खत्म होने के बाद भारत नहीं लौट पाया तो पाकिस्तान में ही एक चाय की दुकान खोलकर घर बसा लिया।




### दुबई से फ्लाइट के जरिए नेपाल पहुंचे थे

एटीएस ने 3 अप्रैल को इंडो-नेपाल बॉर्डर से पाकिस्तान के रावलपिंडी निवासी मो. अल्ताफ भट और इस्लामाबाद के सैयद गजनफर के साथ जम्मू-कश्मीर के नासिर अली को पकड़ा था। इसमें अल्ताफ भट और सैयद गजनर के फर्जी पाकिस्तानी पासपोर्ट, आधार कार्ड और मोबाइल मिले थे। जिसकी मदद से यह लोग दुबई से फ्लाइट के जरिए नेपाल पहुंचे थे। इनके पास से 2 एयर टिकट भी मिले थे। अल्ताफ का कहना है, उनका आतंकी संगठन ने वॉट्सऐप कॉल के जरिए ताहिर नाम के युवक से बात कराई थी।

### हवाला के जरिए मुहैया कराए रुपए

उसने ही उनको हवाला के जरिए पैसे मुहैया कराकर टिकट और भारत लाने की व्यवस्था की थी। उसके कहने पर ही सैयर गजनफर के साथ नेपाल आया था। जहां उसका भांजा नासिर अली की मदद से नेपाल सीमा से भारत आना था। नासिर के पास से 7 बैंकों के कार्ड बरामद हुए।

### पाकिस्तानी पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस मिला

अल्ताफ के पास से एटीएस को एयरटेल का सिम, एक 4G मोबाइल, पाकिस्तानी पहचान पत्र, भारतीय आधार कार्ड और 2029 तक वैलिड पाकिस्तानी पासपोर्ट मिले थे। सैयद गजनफर के पास से 2029 तक वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट, भारतीय आधार कार्ड , पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस और पाकिस्तानी पहचान पत्र बरामद हुआ था।

एटीएस ने इन तीनों पर आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी और 121-ए के अलावा विदेशी अधिनियम की धारा 14 व विधि विरुद्ध क्रियाकलाप की धारा 38, 18, 13 के तहत कार्रवाई की है।

## चिंतन

# मानवता के लिए युद्धविराम विराम पर विचार करना होगा

रह रहकर ऐसी खबरें आ रही है कि इजराइल-हमास में युद्धविराम हो सकता है। ब्रिटेन समेत विश्व बिरादरी के अनेक देश इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर युद्ध रोके जाने का आह्वान किया। ऐसा करना जरूरी भी हो गया है। इजराइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार होने के कगार पर हैं। इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। युद्ध शुरू होने के साथ ही गाजा के हालात की भयावहता को लेकर ऐसी आशंकाएं थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यॉरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस भयावहता की तस्वीर को साफ कर दिया है। इजराइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब 3 लाख लोगों का पचास फीसदी हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन एक साल पहले तक गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे अब उनकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। हालात ये हैं कि 66 फीसदी परिवार महीने में कम से कम 10 बार चौबीसों घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं। युद्ध के चलते न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल हुआ है, बल्कि धमाकों के बीच इनके वितरण में भी परेशानी आ रही है। पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरने की खबरें भी आई थी। यही नहीं, आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि इजराइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके चलते यहां पैदा होने वाले खाद्यान्न पर भी उसका कब्जा हो गया है। युद्ध के पीछे इजराइल के अपने तर्क हैं। उसका कहना है कि जब तक उसके नागरिकों को रिहा नहीं किया जाता युद्ध खत्म नहीं होगा। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए उसके नागरिकों के शव बरामद हो रहे हैं, इसलिए युद्ध को बीच में नहीं रोक सकते। अगर हमास सभी बंदियों को छोड़ देगा तो युद्ध खुद खत्म हो जाएगा। अगर इजराइल सरकार की यह बात मान भी ली जाए कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। सुरक्षा परिषद भी इस आशय का प्रस्ताव पारित कर चुकी है, लेकिन इस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को यह खबरें आई कि युद्ध विराम हो सकता है। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है, लेकिन कुछ ही देर बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का बयान सामने आ गया कि इजराइली सेना खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। तय है कि इससे हालात और विकट होंगे। पहले ही भूखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का जीवन खतरे में चला जाएगा। इजराइल के अपने तर्क सही हैं, लेकिन मानवता के आधार पर उन लोगों के बारे में भी विचार करना जरूरी है, जो बेवजह युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं।

## सारा संसार



कोयम्बटूर का भगवान गणेश को समर्पित ईचनारी विनयगर, 1500 ईस्वी पूर्व में बनाया गया था। इस जगह से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विनायक की मूर्ति को पट्टीश्वर मंदिर ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी की एक धुरी टूट गई। उसी स्थान पर मंदिर बनाया गया।

**नव सवंत्सर**
**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी

भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को हमें विक्रम संवत 2081 में प्रवेश दिलाने जा रही है। हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं। कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें 'मां भगवती' की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है। हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। हमें गर्व है अपने ऋषि-मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है। हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनीतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया। इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही। नव-वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन, मास, वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है। इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था। कल्पयादि-सृष्टियादि-युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है। सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि-मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है। गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की। यही विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है, जितना कि आधुनिक सैटेलाइट। हिंदू नव-वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है। पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है। प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है। ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव-श्रृंगार किया हो। यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए-वर्ष को पा लेते हैं। ऐसा दिव्य नव-वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है। सनातनी नव-वर्ष को लेकर विवेकानंद ने कहा है 'यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है, तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा। गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला आत्म गौरव खो बैठता है। हिंदू नव-वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं। सूर्य, चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं। प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं। यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम' को सार्थकता प्रदान करता है। विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है। क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव-वर्ष की शुरुआत गो-माता की पूजा से करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता जरूरी



**चुनावी बॉन्ड**
**आलोक शुक्ला**

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सारे विपक्षी दल इसे सदी का सबसे बड़ा घोटाला कह रहे हैं,परन्तु राजनीतिक फंडिंग में भ्रष्टाचार केवल चुनावी बॉन्डों तक ही सीमित नहीं है। हमें यह समझना होगा कि कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में सभी राजनीतिक दलों की आय के लगभग 71 प्रतिशत के स्रोत की जानकारी नहीं है। इसमें चुनावी बॉन्डों से प्राप्त आय, कूपन विक्रय से आय, अन्य स्रोतों से आय, स्वैच्छिक चंदा, मीटिंग एवं मोर्चा आदि के लिए चंदा, आदि मद शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह धन किसने दिया इस बात की कोई जानकारी नहीं है। विकीपीडिया के एक आलेख में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बारे में बताया गया है कि वर्ष 2020-21 में भाजपा की 61 प्रतिशत आय, टीएमसी की 97 फीसदी आय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 72 फीसदी आय एवं सीपीएम की 48 प्रतिशत आय के स्रोत की जानकारी नही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के संबंध में भारत में वैधानिक प्रावधान बहुत लचीले हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी के अंतर्गत राजनीतिक दल किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से चंदा प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वह शासकीय कंपनी न हो। धारा 29सी के अंतर्गत इस प्रकार प्राप्त चंदे की घोषणा करने का प्रावधान है, जिसके अनुसार बीस हजार रुपये से अधिक का चंदा देने वाले व्यक्तियों का विवरण देना अनिवार्य किया गया है और यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राजनीतिक दल यह विवरण चुनाव आयोग को नहीं देता है तो उसे आयकर की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। अधिकांश राजनीतिक दल यही कहते रहे हैं कि उन्हें लगभग सभी व्यक्ति बीस हज़ार रुपये से कम चंदा देते हैं, इसलिए न तो उन्हें चंदा देने वालों का विवरण आयोग को देने की आवश्यकता है और न ही वे उनका विवरण अपने पास रखते हैं। वर्ष 2009 से 2014 के मध्य मैं स्वयं चुनाव आयोग में था। आयोग ने उस समय राजनीतिक दलों से इस बात का प्रमाण मांगना प्रारंभ किया था, कि उन्हें वास्तव में प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये से कम राशि मिली है। इसके लिए आयोग ने राजनीतिक दलों से चंदे की रसीदों के काउंटर फॉयल मांगने प्रारंभ किए। नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक दलों ने फर्जी काउंटर फॉयल बनाना प्रारंभ कर दिया। अनेक चुनावों में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डाले गए छापों में राजनीतिक दलों के कार्यालयों से ऐसे फर्जी काउंटर फॉयलों के बंडल तक




मिले,क्योंकि इस संबंध में कोई आपराधिक धाराएं कानून में नहीं हैं इसलिए किसी राजनीतिक दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। राजनीतिक दल इस प्रकार बीस-बीस हज़ार रुपये का हिसाब रखते हुए काफी परेशान थे, इसलिए वर्ष 2013 में एक इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत इलेक्टोरल ट्रस्ट एक नॉन प्रॉफिट संस्था के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा कंपनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को धन दे सकते हैं। इसके बाद इलेक्टोरल ट्रस्ट अपनी मर्जी से इस धन से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकता है। इस योजना के द्वारा चंदा देने वाले व्यक्ति और चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल के बीच सीधा संबंध समाप्त कर दिया गया। इससे कुछ हद तक राजनीतिक चंदा देने वालों की गोपनीयता रखने की गुंजाइश हो गई। कानूनी रूप से ट्रस्ट के लिए दानदाता की इच्छा के अनुसार राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई बंधन नहीं है। यदि कोई कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल ट्रस्ट को पैसा दे रही है, और उस ट्रस्ट का अधिकांश पैसा किसी विशेष राजनीतिक दल को ही जा रहा है जो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कंपनी किस राजनीतिक दल की फंडिंग कर रही है। इससे निपटने के लिए वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में चुनावी बॉन्ड दानदाता की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय कर दी गई, इसीलिए चुनावी बॉन्ड योजना ने राजनीतिक चंदे को पूरी तरह अपारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया। पूर्व में केवल वही कंपनी चुनावी चंदा दे सकती थी जो कम से कम 3 साल से अस्तित्व में हो। कंपनी द्वारा दिया गया चंदा पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता था और इस चंदे का खुलासा कंपनी को प्रत्येक वित्त वर्ष में अपने शेयरहोल्डरों को दी जाने वाली रिपोर्ट में करना अनिवार्य था। वर्ष 2018 के संशोधन व्दारा इन तीनों ही शर्तों को हटा दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि यदि कोई कंपनी आज ही बनी हो तो भी वह राजनीतिक चंदा दे सकती है, कंपनी कितना भी चंदा दे सकती है, और कंपनी को अपने शेयरधारकों को इसकी जानकारी देना भी आवश्यक नहीं है। हाल ही में चुनावी बॉन्डों का डेटा सार्वजनिक होने के बाद यह पता लगा है कि कई कंपनियों ने कुल राजस्व से भी अधिक राशि चंदे में दी है।

भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता न होने के प्रमुख कारण हैं निर्वाचन आयोग की एक्सपेंडीचर गाइडलाइन किसी कानून के अंतर्गत नहीं है और इसलिए उसका पालन नहीं करने वालों पर कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती, निर्वाचन आयोग को दी जाने वाली जानकारी की आयकर विभाग, न तो ठीक प्रकार से स्क्रूटिनी करता है और न ही उसे बाध्य करने का कोई कानून है, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 केवल अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय को विनियमित करती है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपने शेयरधारकों तक को बताने की आवश्यकता नहीं है, चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी है। चुनाव आयोग की तथाकथित सख्ती और जब्ती का कोई लाभ तब तक नहीं होगा जब तक चंदे और दान में पारदर्शिता न रखी जाए। दुःख इस बात का है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला चुनाव आयोग भी पारदर्शिता की नहीं, बल्कि गोपनीयता की वकालत करता दिख रहा है। दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा चुनावों की घोषणा करते समय अपनी प्रेस कार्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 बार कहा कि इलेक्टोरल बॉन्डों के दानदाताओं की गोपनीयता रखना आवश्यक है। इलेक्टोरल बॉन्डों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को आसरा दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का इंतज़ार किए बिना सर्वोच्च न्यायालय से ही हमें राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शी व्यवस्था मिल सकेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?




संकलित
**दर्शन**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

# ब्राह्मण का सपना



संकलित
**प्रेरणा**

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कलह की शिकार हो गईं पार्टियां**


जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें निकट आती जा रही हैं, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक गठबंधनों के बीच का अंदरूनी कलह बंद कमरे से बाहर निकल कर सड़को पर आता जा रहा है। महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले एकदम नई तरह की परिस्थितियां सामने आ गई है। महाअघाड़ी में शामिल शिवसेना पार्टी से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद तो प्राप्त कर लिया है, मगर उसके बाद अजीत पवार गुट के सत्ता में शामिल होने से उनकी अहमियत घटती जा रही है। क्योंकि बीजेपी की पूरे महाराष्ट्र पर अच्छी पकड़ है, इसलिए वह अपनी शर्तों पर सहयोगी दलों को सीटें आवंटित कर रही है, जिसे लेकर एनडीए में शामिल अन्य दल कसमसा रहे हैं।

**- महेंद्र विश्वकर्मा**, बलौदाबाजार

## करंट अफेयर

# मोदी समर्थकों ने अमेरिका के 16 शहरों में निकाली रैली

अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, 'भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।



## ऑफ बीट

# क्या मेरा चश्मा मेरी नजर खराब कर रहा है?

कुछ लोग चश्मे पर बढ़ती निर्भरता को महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि क्या उनकी आंखें 'आलसी' हो गई हैं। हमारी आंखें ऑटो-फोकस कैमरे की तरह ही काम करती हैं। प्रत्येक आंख के अंदर एक लचीला लेंस मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित होता है जो लेंस को समतल करने के लिए मांसपेशियों को आराम देकर हमें दूर की वस्तुओं (जैसे फुटी स्कोरबोर्ड) पर ध्यान केंद्रित करने देता है। जब मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं तो यह लेंस को उन चीजों को देखने के लिए अधिक कठोर और शक्तिशाली बनाता है जो हमारे बहुत करीब हैं (जैसे कि एक टैक्स्ट मैसेज)। लगभग 40 वर्ष की आयु से, हमारी आंख का लेंस धीरे-धीरे सख्त हो जाता है और आकार बदलने की क्षमता खो देता है। धीरे-धीरे, हम निकट की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता खो देते हैं। इसे 'प्रेसबायोपिया' कहा जाता है और फिलहाल इस लेंस को ठीक करने का कोई तरीका नहीं है। चश्मा बनाने वाले इस लेंस की कमी को चश्मे से ठीक करते हैं जो आपके प्राकृतिक लेंस का भार लेते हैं। लेंस आपको अतिरिक्त अपवर्तक शक्ति प्रदान करके उन नज़दीकी छवियों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद देते हैं।



## ट्रेंड

### मोदी की गारंटी का परिणाम



छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी बस्तर समेत पूरे प्रदेश के मेरे परिवारजन एक सशक्त सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि पहले जो भारत को आंखें दिखाते थे, आज वो आटे के लिए भटक रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीजें उपयोग के लिए



लोगों का उपयोग करना और चीजों से प्यार करना-यह जीवन की पूरी तरह से गलतफहमी है। चीजें उपयोग के लिए हैं। लोग प्यार के लिए हैं। स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि संपूर्णता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### राजनीति में नहीं जा रहा



मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

-संजय दत्त, अभिनेता

### ऐसे बनें आदर्श व्यक्ति



मैंने अपने गुरु से पूछा 'मुझे एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए?' उन्होंने उत्तर दिया, 'एक उद्यमी का दिमाग, एक एथलीट का शरीर और एक कलाकार की आत्मा रखने का प्रयास करें।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति


**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।







## सीएम डॉ. यादव का कांग्रेस पर बड़ा हमला- कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही

# अगर 'ढांचा वालों' से प्रेम है तो उन्हीं के साथ चले जाओ

डॉ. यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर के चुनावी दौरे पर रहे

मंडला में कांग्रेस प्रत्याशी का फोटो नहीं लगा रहे हैं, बल्कि भाजपा के प्रत्याशी का फोटो लगा रहे हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख गयारह हजार का चंदा दिया था। भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर चुनावी दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने ग्वालियर लोकसभा की विधानसभाओं में जनसभा, कार्यकर्ता सम्मेलन, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम व स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि पूरा देश नरेंद्र मोदी के नाम से मोदी-मय और भाजपा-मय हो चुका है।

यह सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भी लोकसभा के अंदर कह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के सामने नारा भी लगा चुके हैं कि अबकी बार 400 पार। मुख्यमंत्री ने इंदौर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। पहले खजुराहो में मिलीभगत से अपना प्रत्याशी छोड़ा। कांग्रेस को पता था की खजुराहो में उनकी हार निश्चित है। बाद में मिलीभगत से समाजवादी पार्टी ने भी अपना प्रत्याशी बदला। जब फॉर्म



### मथुरा का जो आनंद आएगा, वह अभी बाकी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि आजादी के बाद भगवान श्रीराम का मंदिर तुरंत बनना चाहिए था। किंतु कांग्रेस के लोगों ने कदम-कदम पर अड़ंगे लगाएं। पहले कहते थे इनको मंदिर नहीं बनाना, ढांचा तोड़ना है। उन्होंने कहा कि इन्हें ढांचा वालों से प्रेम है। अगर ढांचा वालों से प्रेम है तो ढांचा वालों के साथ चले जाओ। हिंदुस्तान में तुम्हारी जगह कहां है? अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख गयारह हजार का चंदा दिया था। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो। उन्होंने कहा कि अभी भगवान श्रीराम का, बाबा महाकाल के महालोक का आनंद आया है, मथुरा का जो आनंद आएगा वह अभी बाकी है।

### जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा चैन से नहीं बैठूंगा: मोदी



महाराष्ट्र के चंद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव स्थिरता और अस्थिरता के बीच का है। एक तरफ भाजपा और एनडीए हैं, जिसका लक्ष्य है भारत को विकसित देश बनाना है, जिसके लिए कड़े और बड़े फैसले लेने हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन है। यह एक ही मंत्र के साथ राजनीति करते हैं, जहां सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ।

### नेकां और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी।

### पूर्व डीजीपी विजय कुमार भाजपा में शामिल



यूपी के पूर्व पुलिस महानिदेशक (पूर्व डीजीपी) विजय कुमार ने अपनी पत्नी के साथ लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ले ली है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में सोमवार को उनके अलावा बसपा नेता धर्मवीर चौधरी सहित सपा और कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा में शामिल हुए। हाल में पूर्व विधायक अजय कपूर कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब अजय कपूर के नेतृत्व में छह पार्षदों के साथ कई बड़े नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि विजय कुमार कुछ समय पहले ही डीजीपी के पद से रिटायर हुए हैं। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने अभी 12 सीटों पर उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। चर्चा है कि भाजपा मछलीशहर या कौशांबी से उन्हें उम्मीदवार बना सकती है।

### मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का लें संकल्प

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने यूपी के मुजफ्फरनगर में कहा कि जो सरकार चौधरी चरण सिंह को सम्मान दे सकती है वह हमेशा किसानों का उत्थान करेगी। किसानों के



प्रति सरकार की जिम्मेदारी और हमारी जवाबदेही है। रालोद को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का पीएम बनाना है। इसके लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव के बाद जब चौधरी अजीत सिंह यहां आए थे तो बहुत भावुक हुए थे। तब लोगों को नहीं पता होगा यह उनकी अंतिम यात्रा है। अब उनकी आत्मा खुश होगी। वह देश की तस्वीर बदलते देखना चाहते थे। चौधरी चरण सिंह के प्रति सम्मान चाहते थे। भाजपा ने दोनों ही कार्य किए हैं। जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न पूरी किसान बिरादरी का सम्मान है। उन्होंने कहा, भारत रत्न मिलने के बाद विपक्षी दलों की सोच सामने आई है। इस निर्णय स्वागत किया न ही उन्हें खुशी है। अंदर से विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। साथ ही कहा, मैं पलटा नहीं हूं बल्कि इसे पटखनी देना कहते हैं।

### कैंची चिन्ह पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे पप्पू यादव

**बिहार से** कांग्रेस नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवारी से नाम वापस नहीं लिया और पूर्णिया लोक सभा क्षेत्र संख्या 12 से अंततः जमे रहे। अब जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भी निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव को कैंचीचुनाव चिह्न



आवंटित कर दिया है। इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा था कि नामांकन वापस करने की तिथि तक पप्पू यादव को नामांकन वापस कर लेना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो फिर कांग्रेस पप्पू यादव पर विचार करेगी कि उनके साथ पार्टी क्या करेगी। आज वह तारीख भी समाप्त हो गई लेकिन पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इस संबंध में पूछने पर अब कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश राठोड़ ने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य हैं ही नहीं, फिर कांग्रेस उनको किस तरह से पार्टी से बाहर करेगी। इसका जवाब देते हुए पप्पू यादव ने कहा कि मैं कांग्रेस का सदस्य हूं या नहीं यह तो दिल्ली को पता है। मैं कांग्रेसी सिपाही हूं और रहूँगा। हमारे दिल-दिमाग में राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी हैं, उसे कोई नहीं हटा सकता।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उनके बेटे ने छोड़ी भाजपा




हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद अब उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी सत्तारूढ़ भाजपा का साथ छोड़ दिया है और कांग्रेस का हाथ थामने का ऐलान कर दिया है। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान के बारे में निर्णय पार्टी आलाकमान लेगा।

### संजय सिंह को झटका, याचिका खारिज



शराब नीति मामले में जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि मामले में संजय सिंह की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज कर दी गई है। संजय सिंह ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर निचली अदालत में चल रहे मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी।

### चंद्रबाबू का वादा-जीते तो कम कीमत में दूंगा शराब



चुनाव में भाजपा और जसपा के साथ हाथ मिला चुकी टीडीपी के चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू इस बार चुनाव में अनोखे वादे के साथ पहुंचे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से कम कीमत में अच्छी क्वालिटी वाली शराब का वादा किया है।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में कई परीक्षा की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के 22 मार्च के उस आदेश पर रोक लगा दी है



जिसमें राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 5, 8, 9 और 11 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की इजाजत दी गई थी। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच कर्नाटक स्टेट को निर्देश दिए हैं कि वह परीक्षा पर रोक लगाए रखे और किसी भी कीमत पर छात्रों या पैरेंट्स को रिजल्ट के बारे में सूचित न करे।

### गो फर्स्ट को मिली एक और लाइफलाइन

**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक



और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। एयरलाइन ने हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल किए हैं।

### चुनाव आयोग ने बताया ईवीएम का सच

**नई दिल्ली।** साल 2019 में 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग



मशीन के जरिए हुए गलत मतगणना के दावे को ईसीआई ने फर्जी करार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग का कहना है कि कुल मतदाताओं और डाले गए मतों की संख्या में कोई बेमेल नहीं है। एक वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा था कि कई सीटों पर मत अलग है।

## आधा दर्जन शिकायतें चुनाव आयोग से

# पीएम की टिप्पणी और द केरल स्टोरी के प्रसारण पर आपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि पार्टी नेता सलमान खुर्शीद, पवन खेड़ा, मुकुल वासनिक और गुरदीप सप्पल ने केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात की और छह शिकायतों पर बहस की।

जिनमें से दो शिकायतें प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी मुस्लिम लीग संबंधी टिप्पणी के लिए थी। दूरदर्शन पर केरल स्टोरी दिखाने को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। साझा किए गए दस्तावेज़ों से, कांग्रेस ने शिकायत की है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र पर भारत को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



### फिल्म को बताया विवादित

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दूरदर्शन पर विवादास्पद फिल्म 'द केरल स्टोरी' को दिखाए जाने को लेकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सुदीप्तो सेन निर्देशित यह केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के विरोध के बावजूद दूरदर्शन ने पिछले हफ्ते 'द केरल स्टोरी' फिल्म का प्रसारण किया था। फिल्म केरल की महिलाओं के एक समूह पर केंद्रित है जिन्हें इस्लाम अपनाने और आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने के लिए विवश किया गया था।

### समान अवसर सुनिश्चित करे आयोग

इस बीच, जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह चुनाव आयोग के लिए सभी दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करके अपनी स्वतंत्रता प्रदर्शित करने का समय है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि नेताओं ने चुनाव आयोग के समक्ष कई मुद्दे उठाए और जिस तरह से प्रधानमंत्री ने पार्टी के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने जजों के रैवए पर जताई चिंता और बोले

# ईमानदारी से कहूं तो...मामलों को लंबे समय तक रिजर्व रखते हैं जज

बाद में मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने अहम फैसलों के लिए जाने जाते हैं। वे अब तक कई बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीजेआई ने जजों द्वारा लंबे समय तक अदालती मामलों को रिजर्व रखे जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने दो टूक कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं।

कोर्ट की सुनवाई और फैसलों पर रिपोर्ट करने वाली 'बार एंड बेंच' के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। मैंने सभी हाई कोर्ट को लिखा है। लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं और सूचीबद्ध कर रहे हैं। इसके अलावा, आंशिक सुनवाई भी कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इतने लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं और जज भूल जाते हैं।

सीजेआई ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। ईमानदारी से कहूं तो लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं।

**खास बात**

- सीजेआई ने कहा मेरे-लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं

### संविधान के प्रति रहें वफादार



बता दें कि पिछले दिनों नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकीलों के लिए अहम संदेश दिया था। सीजेआई ने वकीलों से किसी राजनैतिक दल के लिए नहीं, बल्कि संविधान के प्रति वफादार रहने के लिए कहा था। सीजेआई ने कहा कि वकीलों को कोर्ट और भारतीय संविधान को अपने राजनीतिक झुकाव और विश्वास से ऊपर रखना चाहिए।

**लोगों का दिखता है लगाव**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए। कई मायनों में, स्वतंत्र बार कानून के शासन और संवैधानिक की रक्षा के लिए नैतिक कवच है।

### हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आदेश सुनाते हुए आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हाई कोर्ट्स में यह चलन नहीं है। हम मानते हैं कि किसी भी मामले की पर्याप्त अवधि तक सुनवाई होने के बाद उसे इस स्तर पर जारी करने से देरी, दुर्दशा और वादकारियों की कानूनी फीस बढ़ जाती है। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने हाई कोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए कार्यवाही को फिर से सूचीबद्ध करने के लिए कहा है। हालांकि, बेंच ने यह भी कहा कि हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं।

## आईबी की रिपोर्ट के बाद वाय प्लस की मिली सुरक्षा

# ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं माधवी लता की सुरक्षा में तैनात किए 11 कंमाडो,हिंदुत्व की बनी है छवि

मुस्लिम समुदाय की महिलाएं भी हैं लता की समर्थक

लोकसभा चुनाव से पहले हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया रिपोर्ट में उनकी सुरक्षा को लेकर खतरे का संदेह जताया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी माधवी की कर चुके हैं तारीफ।

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं भाजपा की माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईबी की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया है। उन्हे वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करते हुए 11 कमांडो तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले एक टीवी के कार्यक्रम में माधवी ने जिस तरह से सवालों के जवाब दिए थे उसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की थी।

माधवी लता सोशल मीडिया पर हिंदुत्व समर्थक के रूप में मशहूर हैं और तीन तलाक पर अपने बयानों के बाद चर्चा में आई थीं। इसके बाद माधवी लता सुर्खियों में आ गई। सूबे में उन्हें कट्टर हिंदुत्व का चेहरा माना जाता है। इसलिए उनकी सुरक्षा को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। भाजपा ने उन्हें हैदराबाद से एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी के खिलाफ मैदान में उतारा है।

### कौन हैं माधवी लता?



रिपोर्ट के मुताबिक एक पेशेवर भरतनाट्यम नृत्यांगना माधवी लता इसके पहले राजनीति में सक्रिय नहीं रही हैं। हालांकि कई कारकों के कारण भाजपा ने उन्हें ओवैसी से मुकाबला करने के लिए उनके गढ़ में अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने हैदराबाद में कभी भी किसी महिला को मैदान में नहीं उतारा है। माधवी लता के बारे में कहा जाता है कि वह पुराने शहर के कुछ हिस्सों में सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। पार्टी उनके कार्यों के जरिए मुस्लिम वोटों में बंटवारा कर सकती है। अपने हिंदुत्व समर्थक भाषणों के लिए मशहूर माधवी लता ने तीन तलाक के खिलाफ भी अभियान चलाया था। कहा जाता है कि वह विभिन्न मुस्लिम महिला समूहों के संपर्क में हैं। लता लाथम्मा फाउंडेशन और लोपामुद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं और निराश्रित मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती रहती हैं।

### पीएम मोदी भी हुए माधवी के मुरीद

माधवी लता ने एक न्यूज चैनल के शो में ऐसा बेबाक रूप दिखाया कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी तारीफ की पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि माधवी लता जी, आपका एपिसोड असाधारण है। आपने बहुत ठोस मुद्दे उठाए हैं, साथ ही तर्क और जुनून के साथ ऐसा किया है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैं सभी से इस कार्यक्रम का दोबारा प्रसारण देखने का भी आग्रह करता हूं। जो कि जानकारीपूर्ण लगेगा।

## जांच एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने की मांग

# चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर टीएमसी के सांसदों का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं कांग्रेस ने इसी मामले को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की



घोषणा की थी। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और छात्र शाखा की बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

## सोने में 400 रुपये से ज्यादा का उछाल देखा गया

# सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पहली बार 71 हजार रुपये के पार निकला, चांदी 81,000 रुपये से हुई महंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं। सोना अभी तक के सबसे महंगे भाव पर चला गया है और एमसीएक्स पर इसका सर्वाधिक ऊंचा दाम 71057 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर है। सोने में करीब आज 400 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा गया है और ये अब तक के सबसे हाई रेट पर कारोबार किया।

### चांदी की चमक बेतहाशा बढ़ी

चांदी की चमक तो आज बेहतरीन रूप से बढ़ी है और कारोबार खुलते ही इसमें 1040 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई है। चांदी 81,000 रुपए की कीमतों को तो पार कर ही चुकी है और अब ये 82,000 रुपए के करीब जा रही है। एमसीएक्स पर चांदी का मई वायदा 81955 रुपए प्रति किलो के रेट पर आ चुका है जो इसका ऑलटाइम हाई लेवल है।

**खास बातें**

- चांदी भी सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची
- चांदी में 1000 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई
- विदेशी बाजार में भी इस कीमती धातु में तेजी रही



### *75 हजार तक जा सकता है सोना*

*बाजार विश्लेषकों के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 85 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।*

### *2023 में 8 हजार रुपए से ज्यादा महंगा हुआ था सोना*

*साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16%) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।*

### *विदेशी बाजार में भी सोना-चांदी की चमक बढ़ी*

*विदेशी बाजार में भी सोना और चांदी दोनों धमाकेदार तेजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 15.60 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 2,361.25 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। वहीं कॉमैक्स पर ही चांदी मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 27.902 डॉलर प्रति औंस के रेट पर ट्रेड कर रही है।*

### *अक्षय तृतीया करीब पर सोने के दाम आसमान पर*

*अक्षय तृतीया का पर्व आने वाली 10 मई को है और इससे पहले ही सोने के दाम में जोरदार बढ़त से गहने खरीदने वालों के सामने चिंता है कि इस बार सोने-चांदी के सिक्के या गहने कैसे खरीदे जाएंगे। दरअसल भारत में अक्षय तृतीया का पर्व काफी शुभ माना जाता है और इस दिन जमकर सोने-चांदी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की जाती है।*

### *लगातार नए-नए रिकॉर्ड बना रहा सराफा*

*सुनहरी मेटल सोना और चमकीली मेटल चांदी के लिए ये ड्रीम रन या शानदार तेजी का दौर चल रहा है। सोना और चांदी के दाम बेतहाशा ऊंचाई के बाद आसमान छू रहे हैं और इसमें निवेश करने वालों की पौ बारह है।*

## नवरात्रि, रामनवमी व स्वामी रामदेव महाराज के 30वें सन्यास दिवस पर कथा




**हरिद्वार।** शक्ति व मर्यादा साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म व ऋषिधर्म के संवाहक परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर के लोकार्पण के दिव्य अनुष्ठान पर परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरि जी महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा ''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' योगभवन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी जी महाराज व परम पूज्य आचार्यश्री के साथ-साथ राष्ट्र के शीर्ष संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

## मुथूट फाइनेंस को टाइम्स बिजनेस अवॉर्ड्स का खिताब

पुरस्कार अभिनेता सुनील शेट्टी ने मुथूट फाइनेंस को दिया


**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस को प्रतिष्ठित टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता के रूप में अपनी मान्यता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह समारोह 3 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में हुआ और द टाइम्स ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था। टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कॉरपोरेट्स, बिजनेस लीडर्स, उद्यमियों और पेशेवरों की उपलब्धियों का सम्मान करना और जश्न मनाना है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन नेताओं को मान्यता देता है जिन्होंने बीएफएसआई, सूचना प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, हेल्थकेयर, खुदरा, एफएमसीजी, शिक्षा, रियल एस्टेट, फैशन, मनोरंजन, आतिथ्य, सेवा, ई-कॉमर्स जैसे उद्योगों में अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभावशाली व्यक्ति, ऑटोमोबाइल, और भी बहुत कुछ उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है।



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Ms. Sonia Sheokand, Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur**
NARESH KUMAR SHARMA
Vs.
SURESH KUMAR
**CNR No. : HRSOA0-000486-2023**
**CASE/CIS NO. : CS/366/2023**
**Next Date : 11.07.2024**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
Defendant No. 2 - Smt. Suman D/o Om Parkash
Defendant No. 3 - Smt. Kamlesh D/o Om Parkash
Both C/o Suresh Kumar R/o H.No. 15, Block BH-West Shalimar Bagh, Delhi-110088
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 11.07.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur**
Dated, this day of 04.04.2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राधा कृष्ण पुत्र नन्हके निवासी 830 का स्टैण्ड, ख्याला, दिल्ली व ग्राम मोहन तलब सफीपुर जिला उन्नाव उ.प्र.** ने केस एफआईआर नं. **494/2016 अन्तर्गत धारा 33/38/58 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राधा कृष्ण** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राधा कृष्ण** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **494/2016 अन्तर्गत धारा 33/38/58 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राधा कृष्ण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
**श्री मिलन गोयल**
महानगरीय दण्डाधिकार–03
कमरा नं. 292, द्वितीय तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
**DP/4049/WD/2024**
**(Court Matter)**


## टाइटन की नई सिरेमिक फ्यूजन स्वचालित घड़ियां पेश



**बेंगलुरु।** टाइटन ने अपने सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स कलेक्शन में नई घड़ियां पेश की हैं, जहां परिशुद्धता मौलिक रूप से नवीनता के साथ मिलता है। इस वर्ष ऑटोमैटिक्स पर विशेष ध्यान देने के साथ, यह कलेक्शन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है क्योंकि ब्रांड अपनी विशेषज्ञता की दो सबसे मजबूत लाइनों- सिरेमिक बिल्ड और इन-हाउस ऑटोमैटिक मूवमेंट को एक नए डिजाइन के मिश्रण को लॉन्च करने के लिए जोड़ता है। यह संग्रह न केवल शिल्प कौशल के प्रति टाइटन के समर्पण को प्रदर्शित करता है, बल्कि इन-हाउस स्वचालित कैलिबर के साथ सिरेमिक फ्यूजन भी पेश करता है। सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स वॉच संग्रह सिरेमिक की अनूठी विशेषताओं - टिकाऊपन, खरोंच प्रतिरोध, हल्के वजन का एहसास, हाइपोएलर्जेनिक गुण और रंग विकल्पों की एक श्रृंखला - को उनके मालिकाना स्वचालित आंदोलन के साथ मिश्रित करता है। उत्कृष्ट और विशिष्ट संग्रह की रुचि रखने वाले समझदार पुरुषों के लिए डिजाइन किया गया, इस संग्रह में प्रत्येक घड़ी सिर्फ एक विश्वसनीय सहायक उपकरण से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है।

## पिछले दस साल में रियल एस्टेट में तीन करोड़ नौकरियां हुई पैदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में मिलने वाला कुल रोजगार पिछले कैलेंडर वर्ष में बढ़कर 7.1 करोड़ हो गया, जबकि 2013 में यह आंकड़ा चार करोड़ था। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक और उद्योग निकाय नारेडको ने अपनी संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इस तरह पिछले 10 साल में उद्योग ने तीन करोड़ से अधिक नयी नौकरियां दीं। रिपोर्ट के अनुसार, नरेन्द्र मोदी सरकार के कई नीतिगत सुधारों से समर्थन पाकर आवास क्षेत्र ने स्वस्थ वृद्धि दर्ज की, जिसके चलते रोगजार के मौके भी तेजी से बढ़े। एनारॉक-नारेडको की सोमवार को जारी रिपोर्ट 'रियल एस्टेट अनबॉक्स्डः द मोदी इफेक्ट' में कहा गया कि भारत के आवासीय रियल एस्टेट बाजार को मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कई सुधारों से काफी फायदा हुआ है। इन सुधारों से उद्योग को मजबूत होकर उभरने और नयी ऊंचाइयां छूने में मदद मिली। देश के कुल कार्यबल में रियल एस्टेट क्षेत्र की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से अधिक है। भारत के शीर्ष सात प्राथमिक आवास बाजारों में 2014 और 2023 के बीच कुल 29.32 लाख इकाइयां तैयार हुईं और 28.27 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम (रेरा), माल तथा सेवा कर (जीएसटी), और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिये सरकार ने पिछले 10 वर्षों में रियल एस्टेट क्षेत्र को मजबूती दी।

### वायरलेस ग्राहकों की संख्या बढ़ी

दूरसंचार नियामक के मुताबिक, फरवरी महीने में वायरलेस ग्राहकों की कुल संख्या 0.34 प्रतिशत की मासिक वृद्धि के साथ बढ़कर 116.46 करोड़ हो गई।

## सेंसेक्स 494 अंक की छलांग से सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी... अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। वैश्विक बाजारों में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच बाजार में तेजी आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 621.08 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 152.60 अंक बढ़त के साथ 22,666.30 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'वैश्विक शेयर बाजारों में ज्यादातर में बढ़त का रुख रहा। इसका कारण निवेशक की नजर इस सप्ताह अमेरिका में जारी होने वाली मुद्रास्फीति तथा यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर के बारे में निर्णय पर है।'

- निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड
- रिलायंस में तेजी से बाजार को समर्थन

### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स के शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाली कंपनियों में नेस्ले, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इन्फोसिस शामिल हैं।

**गुमशुदा की तलाश**



**देवेन्दर**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** देवेन्दर **पुत्र** : रामदर्श, **निवासी** : मकान नं. 33, गली नं. 1, इन्दराज कॉलोनी, बवाना, दिल्ली जो दिनांक 29.03.2024 से थाना बवाना, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 41ए दिनांक 31.03.2024 थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–
**उम्रः** 28 वर्ष, **कदः** 5'4'', **रंगः** साफ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मजबूत, **कपड़ेः** नीले रंग की पैंट व हरे रंग की शर्ट और पैरों में चप्पल पहने हुए है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
ई– मेल आईडी–cic@cbi.gov.in वेबसाइटः http://cbi.nic.in
**थानाध्यक्ष**
**थाना बवाना, दिल्ली**
**बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली**
**दूरभाष 011-27752534, 27756090, 7065036321**
Fax No. 011-24368639
Phone: 011-24368638, 24368641
DP/3977/ON/2024

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदना रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
**दीपक शास्त्री**
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
**8586896357**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़े : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को घरेलू और विदेशी दोनों स्तर पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों को विवेक के साथ अधिक भागीदारी करने की जरूरत पर बल दिया। दास ने बार्सिलोना में आयोजित एफआईएमएमडीए-पीडीएआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डेरिवेटिव बाजारों में भारत के घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निर्माताओं के एक छोटे समूह तक सीमित है। हालांकि, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है लेकिन यह काफी कम है। गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा, 'घरेलू बैंक अंतिम ग्राहकों के बजाय वैश्विक बाजारों में बाजार-निर्माताओं के साथ काम कर रहे हैं और वैश्विक स्तर पर रुपये डेरिवेटिव के बाजार-निर्माताओं के रूप में उभरे हैं।'हालांकि, इसके साथ आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को इस दिशा में कदम बढ़ाने के पहले जरूरी जांच-परख करने और जोखिम उठाने की अपनी क्षमता का आकलन करने पर भी जोर दिया। दास ने कहा, 'हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों तरह के रुपया डेरिवेटिव बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी को बढ़ाने और व्यापक बनाने पर होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के हालिया वित्तीय बाजार सुधारों का उद्देश्य बाजारों को अगले पथ पर ले जाने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करना, लागत प्रभावी हेजिंग विकल्प देना और वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करना है।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में प्लेटफार्म नंबर 01 पर वॉशरूम सहित अधिकारी विश्राम गृह का पूर्ण नवीनीकरण, दोनों तरफ यानी अजमेरी गेट और पहाड़ गंज की तरफ विद्युत उप स्टेशनों की मरम्मत और नवीकरण, एफओबी सुरक्षा स्क्रीन की पेंटिंग और एस/ओ एसएसई/डब्ल्यू/में अन्य संबद्ध कार्य और वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली के अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर रिले हट्स का पूर्ण नवीनीकरण और रास्तों की मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये):** Rs. 2,09,03,328.98/- (मात्र दो करोड़ नौ लाख तीन हजार तीन सौ अट्ठाईस रुपये अठ्ठानवे पैसे) | |
| 3 | **बयाना राशि (रूपये):** Rs. 2,54,500/- (दो लाख चौवन हजार पांच सौ रुपये) | |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 30.04.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04–400–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/05/2024–25/W–3 दिनांक: 06.04.2024**
**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 1024/2024

## *शब्द पहेली - 5476*



***बाएँ से दाए***
*1. सरदार, अगुआ-4*
*5. जनमत, एक राय-4*
*9. पुराना जुकाम-3*
*10. चिंता, परवाह-3*
*12. पैंदा, तल्ला-2*
*14. ताल, सुर, आलाप-2*
*15. महोदय (अंग्रेजी-2)*
*16. लाडला, दुलारा-2*
*17. निवास करना-3*
*19. डोली उठाने वाले-3*
*21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3*
*22. तड़फाना-4*
*24. जल में रहनेवाला-4*
*25. दरियादिल, करुण-5*
*26. इराक की राजधानी-4*
*29. भेंट, पुरस्कार-4*
*33. पासों से भविष्य देखना-3*
*34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3*
*36. चौकसी, रखवाली-3*
*37. हलक, कंठ-2*
*38. सदैव-2*
*39. लार -2*
*42. निश्चित-2*
*42. कालीन-3*
*43. बंदर, मर्कट-3*
*45. किसान-4*
*46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4*

***ऊपर से नीचे***
*2. क्रिकेट में बनते हैं-2*
*3. नगमा, गीत (उर्दू-3)*
*4. जो लायक न हो-4*
*5. अधिकारी, अफसर-4*
*6. राशिचक्र की एक राशि -3*
*7. झगड़ा, बैर-2*
*8. आदत, व्यवहार-4*
*11. शमशीर-4*
*13. तरंग, हिलोर-3*
*16. तृष्णा, लोभ-3*
*18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2*
*20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5*
*21. नीर, पानी-2*
*23. देवर्षि-3*
*24. ईर्ष्या, डाह-3*
*26. वटवृक्ष-4*
*27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3*
*28. दलहन-2*
*30. मंत्र जाप-2*
*31. तसल्ली, आराम-3*
*32. भगवान विष्णु-4*
*34. धर्मशीलता-4*
*35. पैजामा-4*
*38. तमीज-3*
*40. साजन, प्रेमपात्र-3*
*42. पहरा, चौकसी-2*
*44. अवकाश-2*

***शब्द पहेली- 5475 का हल***



### सूडोकु नवताल - 5487

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल - 5486 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## कोलिन्स ने जीता चार्ल्सटन ओपन का खिताब



चार्ल्सटन। डेनियल कोलिन्स ने रविवार को यहां दारिया कसात्किना को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन के बाद चाल्टर्सटन ओपन टेनिस चैंपियनशिप का भी खिताब जीत लिया। कोलिन्स ने दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी कसात्किना को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कोलिन्स 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली खिलाड़ी हैं जिसने मियामी में हार्ड कोर्ट के बाद चार्ल्सटन में क्ले कोर्ट पर भी खिताब जीता हो। कोलिन्स ने यहां खिताबी जीत के दौरान छह मुकाबले में सिर्फ एक सेट गंवाया।

## शेल्टन बने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियन



ह्यूस्टन। अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है और यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे और सिर्फ दो जीत दर्ज की थी।

## भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब




सेन एंटोनियो। भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा। भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर


पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
598 चौके
374 छक्के

## खबर संक्षेप



### अपेक्षाओं से दबाव महसूस नहीं करता

लखनऊ। कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है। इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया और उनकी जगह यश ने शानदार गेंदबाजी की।

### कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे कर रहे दरकिनार

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी



कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था।

### ब्रूक की जगह दिल्ली से जुड़े विलियम्स

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में हैरी ब्रूक के विकल्प के तौर पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम में शामिल किया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ब्रूक अपनी दादी के निधन के कारण टूर्नामेंट से हट गए थे। वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 30 साल के विलियम्स ने दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। वह 50 लाख रुपए के आधार मूल्य पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे।

### रविंद्र और देशपांडे को 3-3 विकेट, गायकवाड की फिफ्टी

# जडेजा के कमाल से सीएसके ने केकेआर को सात विकेट से हराया

भाषा ⏭ चेन्नई




रविंद्र जडेजा (चार ओवर में 18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 67) की धैर्यपूर्ण अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया।चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर के लिए चार मैचों में यह पहली हार है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने अपनी शुरुआती आठ गेंद के अंदर अंगकृष रघुवंशी (18 गेंद में 24 रन), सुनील नारायण (20 गेंद में 27 रन) और वेंकटेश अय्यर (तीन रन) के विकेट के साथ केकेआर की पारी का रूख मोड़ दिया जिससे टीम नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रुतुराज ने 58 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके लगाये। उन्होंने इस दौरान रचिन रविंद्र (15) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 27 जबकि डेरिल मिचेल (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। इस सलामी बल्लेबाज ने शिवम दुबे (28) के साथ 26 गेंद में 38 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दुबे ने 18 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले जडेजा को तुषार देशपांडे (चार ओवर में 33 रन पर तीन विकेट), मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 22 रन पर दो विकेट) और महीश तीक्षणा (चार ओवर में एक विकेट पर 28 रन) का अच्छा साथ मिला। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रचिन रविंद्र ने तीसरे ओवर में स्टार्क के खिलाफ तीन चौके जड़े लेकिन अगले ओवर में वैभव अरोड़ को गेंद को लॉन्ग ऑन पर वरुण चक्रवर्ती को कैच दे बैठे। गायकवाड़ ने पांचवें ओवर में अनुकूल रॉय के खिलाफ कदमों और टाइमिंग का इस्तेमाल का तीन कलात्मक चौके लगाये। उन्होंने अगले ओवर में वैभव की गेंद पर लगातार दो चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये डेरिल मिचेल ने नारायण के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर हाथ खोला। दोनों ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया। रुतुराज ने 12वें ओवर में चक्रवर्ती की गेंद पर दो रन लेकर मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। नारायण ने अगले ओवर में मिचेल को बोल्ड कर केकेआर को दूसरी सफलता दिलायी।

### पंजाब-सनराइजर्स के बीच आज होगा मुकाबला

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं।

### केकेआर-137/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 |
| सुनील का तीक्ष्णा बो जडेजा | 27 |
| रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 |
| अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 |
| वेंकटेश का मिचेल बो जडेजा | 03 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्ष्णा | 13 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 10 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 |
| स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 13
कुल योग:(20 ओवर में नौ विकेट पर) 137 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-56, 3-60, 4-64, 5-85, 6-112, 7-127, 8-135, 9-135
गेंदबाजी: देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्ष्णा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

### सीएसके-141/3 (17.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 |
| रुतुराज नाबाद | 67 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 05
कुल योग: (17.4 ओवर में तीन विकेट पर) 141 रन
विकेट पतन: 1-27, 2-97, 3-135
गेंदबाजी: स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

खास खबर

## नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



मोंटे कार्लो। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

### अमर और पुरुष टीम को एशिया ओशियाना 24 घंटे की अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण

नई दिल्ली। अमर सिंह देवांडा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और पुरुष टीम ने भी लगातार दूसरी बार आईएयू 24 घंटे की एशिया ओशियाना अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल



किया। चैंपियनशिप का आयोजन आस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुआ था। देवांडा ने 272.537 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार बेंगलुरु में भी स्वर्ण पदक जीता था। देवांडा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 किलोमीटर से तोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अनुसार भारत के उल्लास नारायणा तीसरे और सौरव रंजन चौथे स्थान पर रहे। भारतीय टीम ने 758.248 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। आस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में शशि मेहता व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रही। मेहता, मीनल कोटक और प्रीति लाला की भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही। आस्ट्रेलिया को स्वर्ण, न्यूजीलैंड को रजत और चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला।

## राष्ट्रीय शिविर में हॉकी इंडिया का अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राष्ट्रीय शिविर में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और फॉरवर्ड वंदना कटारिया जैसे सीनियर खिलाड़ियों को 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। कुछ नए चेहरों को भी जगह मिली है।

हॉकी इंडिया ने पहले शिविर के लिए 60 खिलाड़ियों को चुना था जिसमें से छह और सात अप्रैल को हुए चयन ट्रायल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद छंटनी की गई। भारतीय महिला हॉकी टीम 22 मई से होने वाले प्रो लीग मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से खेलने एंटवर्प और लंदन जाएगी।



**33 सदस्यीय संभावित ग्रुप**

गोलकीपर : सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो।
डिफेंडर : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति
मिडफील्डर : सलीमा टेटे, मरीना एल, वैष्णवी फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा
फॉरवर्ड : मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रूतुजा पिसाल।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

- पीडीएसयू सीकर और सम्बलपुर यूनिवर्सिटी सम्बलपुर संयुक्त तौर पर तीसरे स्थान पर रही
- विजेता टीम के लिए यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला ने की 2 लाख रइनाम की घोषणा
- फाइनल मुकाबले में मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को 7 रन से हराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/झुंझुनूं



ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप 2023-24 श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को रोमांचक फाइनल मुकाबले में 7 रन से हराकर ट्रॉफी जीत ली। इसके साथ ही मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं इस चैंपियनशिप को जीतने वाली राजस्थान की पहली यूनिवर्सिटी भी बनी। विजेताओं को ट्राफी यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला के मार्गदर्शन में प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल द्वारा सौंपी गई। डॉ विनोद कुमार दुर्गादत्त टिबडेवाला खेल संकुल में 30 मार्च से प्रारम्भ हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान ने 38 रन और अमित दलाल ने 25 रन बनाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मेजबान टीम का पहला विकेट 60 रन पर गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान लक्ष्य ने 50 रन बनाए और सोनू के 14 रन के सहयोग से 15 ओवर में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के सलामी बल्लेबाज सुधांशु ने 48 रन और प्रियांशु ने 42 गेंद पर 23 रन की पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्तिथि में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के स्पिनर गेंदबाजों द्वारा शिकंजा कसने से अंतिम ओवर तक खिंचे मुकाबले में 15 ओवर खेलते हुए पूर्वांचल यूनिवर्सिटी 133 रन ही बना सकी और फाइनल मुकाबला 7 रन से हार गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अजीत कुमार, निदेशक सम्पदा इंजीनियर बालकृष्ण टिबड़ेवाला, परामर्श समिति सदस्या डॉ मधु गुप्ता, खेल बोर्ड सचिव डॉ अरुण कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, शारीरिक शिक्षा विभाग प्राचार्य पर चैंपियन टीम के प्रशिक्षक डॉ मनोज गोयल एवं विभिन्न टीमों के प्रबंधक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं यूनिवर्सिटी प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज से शुरू होगा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# सिंधू और साथियों की पदक की राह मुश्किल

एजेंसी ⏭ निंगबो

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।

यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने



को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है।

### सेन के सामने युकी की कड़ी चुनौती

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है। लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है। सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे।

## गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, विदित गुजराती हारे

एजेंसी ⏭ टोरंटो

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा।

आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।




नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे कारुआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं।

# रूस में तैयार हो रहे भारत के दो युद्धपोत आईएनएस 'तुशिल' और 'तमाल'

नई दिल्ली। रूस में भारतीय नौसेना के लिए तैयार हो रहे दो युद्धपोत साल के अंत तक ये युद्धपोत नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना की एक टीम ने हाल ही में रूस में शिपयार्ड का दौरा किया था। वहां इन युद्धपोतों को तैयार किया जा रहा है। नौसेना की टीम द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि काम अच्छी गति से चल रहा है और पहला युद्धपोत समुद्री परीक्षणों के लिए भी लॉन्च किया जा चुका है। फिलहाल इसका इस्तेमाल रूसी नौसेना कर रही है।



- रूस के शिपयार्ड में चल रहा कार्य, जल्द आएंगे भारत
- युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था, युद्ध से रुका
- दोनों ही नौसेना के बेड़े में होंगे शामिल, सेना ताकतवर
- पहला युद्धपोत अगस्त और दूसरा दिसंबर तक आएगा
- गोवा शिपयार्ड में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोत बन रहे

**इस वजह से हुई परियोजना में देरी**

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से इस परियोजना में देरी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि रूस में बनाए जा रहे युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था। भारतीय नौसैनिक शिपयार्ड से एक टीम को युद्धपोत पर इंजन फिट करने के लिए वहां भेजा गया था। उधर, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोतों को बनाने का काम चल रहा है। उम्मीद है कि जीएसएल परीक्षण के लिए पहला युद्धपोत लॉन्च करेगा। इनकी डिलीवरी 2026 के मध्य तक पूरी करने की योजना है।

**सबसे पहले तेजस उतरा**

## इमरजेंसी लैंडिंग में तेजस जगुआर, सुखोई-30 पास




**बाड़मेर।** राजस्थान के भारत-पाकिस्तान सीमा पर सांचौर-बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे हाईवे (925 ए) पर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बने एयर स्ट्रिप पर सोमवार को तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग हुई। यहां सुबह करीब दस बजे तेजस ने लैंडिंग की। इसके बाद फाइटर जेट जगुआर और एएन-32, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और लड़ाकू सुखोई-30 की भी लैंडिंग हुई। अब इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल वायु सेना युद्ध और अन्य आपातकाल जैसी परिस्थितियों में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए किया जा सकेगा।


**खबर संक्षेप**

### आतंकवाद के लिए अल्लाह के नाम पर चंदा वसूली



**इस्लामाबाद।** दाने-दाने को तरस रहे पाकिस्तान में भारत के खिलाफ साजिश चल रही है। रमजान के पाक महीने में पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जगह-जगह छोटी दुकान बनाकर अल्लाह के नाम पर चंदा वसूल रहे हैं। उनका मकसद है चुनावरत भारत में आतंकी तबाही मचाना है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन ने छोटी-छोटी दुकानों में बाकायदा घातक हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर परमाणु बम की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर न्यूक्लियर बम ले जाने की धमकी देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुरक्षा जांच के दौरान धमकी दी थी कि वो न्यूक्लियर बम ले कर जा रहे हैं। इसके बाद फ्लाइट में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों यात्रियों को नीचे उतारा गया। इसके बाद उन दोनों को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों के हवाई खतरों को करेगी बेअसर

# भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप

*मिसाइलें कंधे पर रखकर उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा।

**खास बातें**

- रूस से 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले
- कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम
- पिछले साल दिया था 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर
- यूक्रेन से जंग के बाद भी रूस ने भारत से निभाई दोस्ती

**पुराने सिस्टम के मुकाबले में प्रभावी**

*6 किमी तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*

**पिछले साल रूस को दिया था ऑर्डर**

सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा।



**नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम**

भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस (वीएसएचओआरएडी) मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस एंटी-एयरक्राफ्ट हथियारों और रणनीति का एक समूह है, जो कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों, मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर और कम-उड़ान वाले क्लोज एयर सपोर्ट एयरक्राफ्ट की रक्षा करता है।

**साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत**

# अमेरिका में 4 मिनट तक दिन में छाया रहा अंधेरा



अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए

एजेंसी ▶▶ मैक्सिको

मैक्सिको में सुबह 11 बजते ही (भारतीय समय अनुसार रात में करीब 10 बजे) दिन में अंधेरा छा गया। इसी के साथ साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत हो गई। पूर्ण सूर्यग्रहण का असर मैक्सिको के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा में भी दिखाई दिया। अमेरिका में ग्रहण के रास्ते में पड़ने वाले कम से कम 12 राज्यों में करीब 4 मिनट 28 सेकेंड तक दिन में अंधेरा रहा। वहीं, 54 देशों में आंशिक सूर्यग्रहण लगा। भारत में सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं दिया। कनाडा के ओंटारियो शहर में दोपहर 3.12 बजे पर पूर्ण सूर्य ग्रहण लगा। लोग नेशनल पार्क से ग्रहण देखने के लिए सुबह 5 बजे से लाइन लगाकर खड़े दिखाई दिए। ओंटारियों नेशनल पार्क के बाहर ग्रहण देखने आए लोगों की गाड़ियों की कतार लगी रही। अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए थे।

**लोगों को खराब मौसम का डर**

अमेरिका में कई लोग उन राज्यों में पहुंचे हैं जहां से पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकता है। ऐसे में इन लोगों को डर है कि कहीं बादल छाने से वो ये मौका गवां न दें। ग्रहण को लेकर अमेरिका में क्रेज इतना है कि न्यूयॉर्क शहर में 6 कैदियों को इसे देखने के लिए रिहा किया जाने का फैसला लिया गया है।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बोले**

## सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त संस्कृति विकसित करने की है आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रि-सेवा सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' का नई दिल्ली में आयोजन किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए 'चिंतन' की शुरुआत की। उन्होंने ऐसी संरचनाओं का निर्माण करके प्रत्येक सेवा की क्षमताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि जो हमारी दक्षता को बढ़ाती हों और हमारी युद्ध लड़ने की क्षमता व अंतरसंचालनीयता में भी वृद्धि करती हों।



**उभरती और नवाचारी प्रौद्योगिकियों पर चर्चा**

सम्मेलन में अंडमान और निकोबार कमान एवं सामरिक बल कमान के प्रमुखों, रक्षा अकादमी के कमांडेंट, रक्षा सेवा कॉलेज, रक्षा प्रबंधन कॉलेज और सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा संचार एजेंसी के प्रमुखों ने भी भाग लिया।

**करेंगे मार्गदर्शन**

इंटिग्रेटिव डिफेंस स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे विचार-विमर्श भारतीय सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संयुक्त परिचालन संरचनाओं के रूप में दिशानिर्देश उपलब्ध कराएंगे।

**याचिकाकर्ता पर भड़का कोर्ट**

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग पर हाईकोर्ट ने फटकारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से हटाए जाने की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट से सोमवार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि पब्लिसिटी के लिए ये किया जा रहा है। हम याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाएंगे। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक रहे संदीप कुमार ने दिल्ली आबकारी नीति के मनी लॉड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। संदीप की याचिका की हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने आलोचना की। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका को खारिज नहीं किया।




# मोजाम्बिक में नाव पलटने से 90 से अधिक लोगों की हो गई मौत

## डूबने वालों में बच्चे शामिल...कई लापता

एजेंसी ▶▶ मोजाम्बिक

मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक नाव हादसे का शिकार हो गई। नाव पलटने से बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे। कई लोग अब भी लापता है। बचाव के प्रयास जारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी।



**हैजा बीमारी से बचने जा रहे थे मोजाम्बिक द्वीप**

कुछ लोग एक मेले में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे। कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए।

**फिर माफी मांगी, पीएम मोदी पर भी कर चुकीं टिप्पणी**

## मालदीव की बर्खास्त मंत्री ने किया भारतीय अशोक चक्र का अपमान



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया। उन्होंने विपक्षी एमडीपी को निशाना बनाने के लिए अशोक चक्र का इस्तेमाल किया। इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। विवाद होने के बाद मरियम ने इसे हटा दिया।

**त्वरित मांगी माफी**

*मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मेरी पोस्ट की वजह से हुए भ्रम को लेकर माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि एमडीपी के पोस्टर में इस्तेमाल हुई तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती-जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। मुझे खेद है। मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मालदीव, भारत के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। मैं ध्यान रखूंगी कि भविष्य में मेरी तरफ से इस तरह की गलत न हो।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109